
Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 72 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 30 अगस्त 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



जिनवाणी से हम विषमता से समता की ओर आते हैं।

Jinwani takes us to equanimity.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### आम आदमी पार्टी की प्रमुख नेत्री डॉ. उज्वला कराड़े ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**बिलासपुर (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी की प्रमुख नेत्री डॉ. उज्वला कराड़े ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, जिसकी पुष्टि उन्होंने स्वयं की है। 2020 से आप में सक्रिय रहीं डॉ. कराड़े ने बिलासपुर की राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने समय-समय पर शहर से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर प्रदर्शन किए और शहर की समस्याओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक आम जनता की आवाज उठाई। डॉ. उज्वला कराड़े ने आप में अपने सफर की शुरुआत बिलासपुर शहर अध्यक्ष के पद से की थी। उनके नेतृत्व में, पार्टी ने शहर के विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर सक्रियता दिखाई।

### रायपुर संभागायुक्त महादेव कावरे को बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग ने बुधवार को चार आईएएस अधिकारियों का तबादले का आदेश जारी किया था, जिसे जारी होने के 1 घंटे के भीतर बदलकर संशोधित आदेश जारी किया है। पूर्व में जारी आदेश में आईएएस जनक प्रसाद पाठक को बिलासपुर आयुक्त बनाया गया था, जिसे बदलकर आयुक्त उच्च शिक्षा कर दिया गया है। वहीं रायपुर आयुक्त महादेव कावरे को बिलासपुर का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

## प्रदेश में तेजी से बढ़ रही खेल सुविधाएं : विष्णुदेव साय

### मुख्यमंत्री के हाथो राज्य खेल अलंकरण समारोह में सम्मानित हुए 502 प्रतिभावान खिलाड़ी




- मुख्यमंत्री की घोषणा- ओलंपिक खेलों में छत्तीसगढ़ के पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगी एक से तीन करोड़ रूपए की राशि
- स्वर्ण पदक विजेता के लिए 3 करोड़, रजत पदक के लिए 2 करोड़, कांस्य पदक के लिए 1 करोड़ की घोषणा
- खिलाड़ियों को एक करोड़ 36 लाख रु. वितरित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राष्ट्रीय खेल दिवस के पर ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को तीन करोड़ रुपए, रजत पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को दो करोड़ रुपए और कांस्य पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को एक करोड़ रुपए की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित राज्य खेल अलंकरण समारोह में विभिन्न खेल विधाओं के 502 प्रतिभावान खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया और उन्हें 01 करोड़ 36 लाख रूपए वितरित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ने शहीदों के परिजनों को शॉल, श्रीफल भेंट कर भी सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने की।

मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों के क्षेत्र में सर्वोच्च सम्मान होने के बावजूद भी इस बात की पीड़ा है कि पिछले पांच सालों में राज्य में राज्य खेल अलंकरण समारोह का आयोजन नहीं हुआ। खिलाड़ियों की पीड़ा महसूस कर और राज्य खेल अलंकरण समारोह पुन: आयोजित करने का निर्णय लिया गया। पहला अलंकरण समारोह इसी साल 14 मार्च को आयोजित किया गया। खेल दिवस के मौके पर आज पुन: खिलाड़ियों को खेल अलंकरण से सम्मानित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में पेरिस ओलंपिक में नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, सरबजोत सिंह, स्वप्निल कुसाले, अमन सेहरावत जैसे खिलाड़ियों ने पदक जीत कर भारत माता का यश बढ़ाया। छत्तीसगढ़ में भी खेल प्रतिभाओं को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आगामी दिनों में अच्छी अधोसंरचना तथा प्रशिक्षण के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को निखारेंगे ताकि हमारे खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और भी बढ़िया खेल कर अपनी प्रतिभा का झण्डा दुनिया में बुलन्द कर सकें।

श्री साय ने कहा कि जशपुर तथा रायगढ़ में 105 करोड़ की लागत से इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स के साथ ही नवा रायपुर में 62 करोड़ रूपए की लागत से मल्टीपर्पस इंडोर स्टेडियम तथा सिंथेटिक फुटबॉल मैदान विथ रनिंग ट्रैक बनाया जा रहा हैं। राज्य बनने के बाद पहली बार आवासीय हॉकी अकादमी रायपुर में इसी साल के अगस्त महीने में प्रारंभ हुई है। सितम्बर महीने से बालिकाओं के लिए आवासीय फुटबाल अकादमी शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही एथलेटिक अकादमी, कबड्डी अकादमी तथा तीरंदाजी अकादमी का भी संचालन कर रहे हैं। रायपुर में लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान का ऑफ सेंटर भी शुरू किया जाएगा, जो खेलों के क्षेत्र में प्रदेश की बड़ी उपलब्धि होगी। आप सभी पूरी मेहनत के साथ अपनी खेल प्रतिभा को निखारने में जुटे रहे तथा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करें।

छ.ग. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि युवा खिलाड़ियों ने इस सम्मान के लिए बहुत संघर्ष किया है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा इस सम्मान का आयोजन रोक दिया गया था। हमारी सरकार द्वारा पुन: इस खेल अलंकरण सम्मान को शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार राज्य में खेल गतिविधि को बढ़ावा देने एवं खिलाड़ियों को हर संभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है।

केन्द्रीय आवास एवं शहरी विकास राज्य मंत्री ने कहा कि केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने खेलो इंडिया के नये परिसरों के संबंध में तथा खेल अधोसंरचना को बढ़ावा देने में सहमति व्यक्त की है। प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ में 'क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना' आरंभ करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना से खेल मैदानों के उन्नयन के साथ ही खिलाड़ियों के लिए उच्च स्तरीय खेल उपकरणों की व्यवस्था, खेल प्रतिभाओं की खोज, खेल क्लबों को आर्थिक सहायता तथा पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करेंगे। खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत रायपुर और बिलासपुर में मल्टीपर्पस हॉल तथा बलौदाबाजार में सिंथेटिक एथलेटिक ट्रैक का निर्माण कराया गया है। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंक राम वर्मा ने कहा कि राज्य में खेल और खिलाड़ियों के लिए अनुकूल वातावरण बनाया जा रहा है।

## निर्वाचन आयोग ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए जारी की अधिसूचना

**श्रीनगर (आरएनएस)।** निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में 3 चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। चुनाव आयोग ने दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र भरने के लिए अधिसूचना जारी की है। नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि 5 सितंबर है, जबकि 6 सितंबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार 9 सितंबर तक अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। दूसरे चरण के लिए 25 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा, जबकि सभी चरणों के परिणाम 4 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।




इस चरण में जिन सीटों पर मतदान होगा, उनमें कंगन (एसटी), गंदेरबल, हजरतबल, खानयार, हब्बा कदल, लाल चौक, चन्नपोरा, जदीबल, ईदगाह, सेंट्रल शाल्टेंग, बडगाम, बीरवाह, खानसाहिब, चरार-ए-शरीफ, चडूरा, गुलाबगढ़ (एसटी), रियासी, श्री माता वैष्णो देवी, कालाकोट-सुंदरबनी, नौशेरा राजौरी (एसटी), बुधल (एसटी), थन्नामंडी (एसटी), सुरनकोट (एसटी), पुंछ हवेली और मेंढर (एसटी) शामिल हैं।

पहले चरण के लिए नामांकन पत्रों की जांच बुधवार को समाप्त हो गई। आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में 34 उम्मीदवारों के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए। इनमें सरजन अहमद वागे उर्फ सरजन बरकती का नामांकन पत्र भी खारिज किया गया। अधिकारियों ने कहा कि शपथ प्रमाण पत्र की कमी बरकती के नामांकन पत्र खारिज होने का कारण थी। अधिकारियों ने कहा कि 27 अगस्त को दोपहर 2.55 बजे रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया था। नामांकन पत्रों की जांच करने पर, यह पाया गया कि इसमें शपथ प्रमाण पत्र का अभाव था।

## 'तुम दिन को कहो रात तो रात, वरना हवालात', यूपी सरकार की डिजिटल पॉलिसी पर प्रियंका गांधी का तंज

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** तुम दिन को कहो रात तो रात, वरना हवालात। इन शब्दों के साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने भाजपा पर हमला किया है। उन्होंने डिजिटल मीडिया पॉलिसी और शिक्षक भर्ती जैसे मुद्दे पर उत्तर प्रदेश की योगी सरकार की खिंचाई की है।



प्रियंका गांधी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, जो तुमको हो पसंद, वही बात कहेंगे तुम दिन को अगर रात कहो, रात कहेंगे। उप्र सरकार की सोशल मीडिया पॉलिसी में न्याय मांग रही महिलाओं की आवाजें किस श्रेणी में आएंगी? 69,000 शिक्षक भर्ती आरक्षण घोटाले में उठने वाले सवाल किस श्रेणी में आएंगे? भारतीय जनता पार्टी में अंदरूनी मतभेद की सुगबुगाहट पर भी प्रियंका गांधी ने तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, भाजपा नेताओं-विधायकों द्वारा भाजपा सरकार की पोल-पट्टी खोलना किस श्रेणी में आएगा?

तुम दिन को कहो रात तो रात, वरना हवालात नीति सच को दबाने का एक और तरीका है। क्या भाजपा लोकतंत्र और संविधान को कुचलने से ज्यादा कुछ सोच ही नहीं सकती?

बता दें कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार नई डिजिटल मीडिया नीति लेकर आई है। इसमें किसी भी 'आपत्तिजनक सामग्री' को ऑनलाइन डालने पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान भी किया गया है। सरकार ने कहा है कि 'आपत्तिजनक सामग्री' अपलोड किए जाने की स्थिति में संबंधित सोशल मीडिया ऑपरेटरों, प्रभावशाली व्यक्तियों, फर्म या एजेंसी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने अपने शरीर के अंगों का दान करने का लिया संकल्प

**रायपुर (विश्व परिवार)।** अंबिकापुर. छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने अपने शरीर के अंगों का दान करने का संकल्प लिया। मृत्यु के बाद उनकी किडनी, लीवर, दोनों आंख समेत अन्य अंगों का दान किया जाएगा। इसी कड़ी में टीएस सिंहदेव ने कहा, मेरी इच्छा है कि मृत्युपरांत मेरे शरीर का अंग किसी के काम आ सके। बता दें कि त्रिभुवनेश्वर शरण सिंह देव का जन्म 31 अक्टूबर 1952 को हुआ है. उन्हें टीएस सिंह देव या टीएस बाबा के नाम से भी जाना जाता है। छत्तीसगढ़ के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने अंगदान करने का संकल्प लिया है। उन्होंने केंद्र सरकार की आधिकारिक वेवसाइट पर पंजीकरण करवाकर मौत के बाद अपनी दोनों आंखें, किडनी, लिवर और बाकी अंग दान करने का संकल्प लिया है। सिंहदेव के भतीजे और रेड क्रॉस सोसाइटी के सरगुजा चेयरमैन आदिलेश्वर शरण सिंहदेव जे भी अंगदान का संकल्प पत्र भटा है।



मिली जानकारी के मुताबिक अंगदान को लेकर अपना मकसद समझाते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अंगदान समाज के प्रति आवश्यक जवाबदेही है। भारत में अंतिम संस्कार एवं अन्य परंपराओं के कारण समाज में अंगदान के प्रति एक हिचक है। लेकिन मृत्यु के बाद यदि शरीर के अंग किसी जरुरतमंद के लिये उपलब्ध हो तो यह एक बड़ा कार्य है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए छत्तीसगढ में अंगदान एवं उनकी उपलब्धता से संबंधित संस्थाएं रोटा और सोटा मौजूद नहीं थी। इससे छत्तीसगढ़ में लिवर, किडनी जैसे अंगों के जरुरतमंद मरीजों के लिये बड़ी समस्यायें थी। अपने कार्यकाल में उन्होंने न केवल इन संस्थाओं को छत्तीसगढ़ में सक्रिय किया। साथ ही साथ छत्तीसगढ़ में टिश्यू बैंक की भी स्थापना की।

## सौम्या चौरसिया की जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने तीसरी बार किया खारिज

**बिलासपुर (आरएनएस)।** कोल लेव्ही वसूली मामले में पूर्व मुख्यमंत्री की उपसचिव रह चुकी सौम्या चौरसिया की ज़मानत याचिका को हाईकोर्ट ने तीसरी बार खारिज कर दिया है। जस्टिस एन के व्यास की सिंगल बेंच ने यह निर्णय सुनाते हुए याचिका को खारिज कर दिया। इस निर्णय की पुष्टि राज्य के उप महाधिवक्ता और ईडी के विशेष लोक अभियोजक डॉ. सौरभ कुमार पांडेय ने की है। बता दें कि 570 करोड़ के कोल लेव्ही वसूली मामले में सौम्या चौरसिया के साथ ही आईएएस समीर बिश्नोई रानू साहू व अन्य को ईडी ने गिरफ्तार किया था। कोल कारोबारियों से परिवहन व पीट पास जारी करने की एवज में प्रति टन के हिसाब से रुपए वसूले जाते थे। जो कारोबारी रकम नहीं देता था उसे परिवहन पास नहीं दिया जाता था।

## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बांद्रा टर्मिनस और मडगांव के बीच द्वि-साप्ताहिक नई ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली (विश्व परिवार)।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल और माननीय केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने (वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से) गुरुवार, 29 अगस्त, 2024 को बोरीवली रेलवे स्टेशन से बांद्रा टर्मिनस-मडगांव द्वि-साप्ताहिक नई ट्रेन की उद्घाटक यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री अशोक कुमार मिश्र और वरिष्ठ रेल अधिकारियों सहित अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ कई स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।



पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, समारोह के प्रारंभ में श्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि पश्चिमी उपनगरों से कोंकण तक ट्रेन शुरू करने की लंबे समय से चली आ रही मांग अब पूरी हो गई है। श्री वैष्णव ने जोर देकर कहा कि महाराष्ट्र के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में बजट परिव्यय 15,940 करोड़ रुपये है, जो 2014 से पहले की अवधि की तुलना में 13 गुना अधिक है। उन्होंने यह भी बताया कि पिछले 10 वर्षों में, भारतीय रेलवे ने महाराष्ट्र में लगभग 1830 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बिछाए हैं, जो श्रीलंका के पूरे रेलवे नेटवर्क से भी अधिक है। श्री वैष्णव ने महाराष्ट्र में चल रहे विभिन्न कार्यों के बारे में भी जानकारी दी, जो 81,580 करोड़ रुपये के निवेश से किए जा रहे हैं। मुंबई उपनगर पर बोलते हुए माननीय रेल मंत्री ने बताया कि मुंबई क्षेत्र में 16,240 करोड़ रुपये की लागत से 12 इंफ्रास्ट्राक्चर परियोजनाएं प्रगति पर हैं। (इन परियोजनाओं का सारांश अनुलग्नक 1 में है)। उन्होंने यह भी बताया कि अमृत स्टेशन योजना के तहत महाराष्ट्र में 6411 करोड़ रुपये की लागत से 132 रेलवे स्टेशन विकसित किए जा रहे हैं। इस वर्ष भारतीय रेल 342 गणपति स्पेशल ट्रेनें भी चला रही है। श्री पीयूष गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि उत्तरी मुंबई में रहने वाले कोंकण के लोगों की सदियों पुरानी मांग और सपना सच हो गया है। यह नियमित ट्रेन पश्चिमी उपनगरों से कोंकण क्षेत्र को सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस ट्रेन को पहले से ही जबरदस्त प्रतिसाद मिल रहा है और उन्होंने लोगों से इस नई ट्रेन की सुविधा का लाभ उठाने का अनुरोध किया।

ट्रेन संख्या 10115 बांद्रा टर्मिनस-मडगांव एक्सप्रेस का नियमित परिचालन 04 सितंबर, 2024 से शुरू होगा। यह ट्रेन प्रत्येक बुधवार और शुक्रवार को बांद्रा टर्मिनस से 06:50 बजे रवाना होगी और उसी दिन 22:00 बजे मडगांव पहुंचेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 10116 मडगांव-बांद्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का नियमित परिचालन 03 सितंबर, 2024 से शुरू होगा।

## मंकीपॉक्स को लेकर छत्तीसगढ़ में अलर्ट जारी, जारी की एडवायजरी

### स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने बचाव के लिए दिए सख्त दिशा-निर्देश

**रायपुर (विसं)।** देश में बढ़ रहे मंकीपॉक्स के मामले को लेकर छत्तसीगढ़ में अलर्ट जार कर दिया गया है. प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सभी जिलों के स्वास्थ्य अधिकारियों को मंकी पॉक्स (एम-पॉक्स) नामक बीमारी के बचाव और रोकथाम के लिए जारी एडवायजरी में दिए गए दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए हैं.

स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक भारत सरकार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग मंकी पॉक्स (एमपॉक्स) नामक बीमारी के बचाव और रोकथाम के लिए एडवायजरी जारी की गई है. मंकी पॉक्स को विश्व स्वास्थ्य संगठन के द्वारा 14 अगस्त 2024 को पब्लिक हेल्थ एमरजेन्सी ऑफ इंटरनेशनल कान्स (पीएचईआईसी) को घोषित किया गया है. विभिन्न देशों में संक्रमण के प्रसार को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सर्वेलेंस, जांच एवमं उपचार के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं, जिसके अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में भी मंकीपॉक्स प्रकरणों की सर्वेलेंस, त्वरित पहचान, जांच एवं उपचार के लिए दिशा-निर्देश जारी किये गए हैं.

पॉक्स एक जीनेटिक बीमारी है जो मुख्य रुप से मध्य और पश्चिम अफ्रीका के क्षेत्रों में होता है, वर्तमान परिदृश्य में कुछ अन्य देशों में प्रकरण प्राप्त हो रहे हैं तथा भारत के केरल राज्य में मार्च 2024 में प्रकरण प्राप्त हुए हैं।

## 32 करोड़ की लागत से कुनकुरी में बनेगा 220 बिस्तर अस्पताल भवन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर मिली स्वीकृति

### राज्य सरकार ने जारी किया निविदा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर जशपुर जिला के कुनकुरी में प्रस्तावित 220 बिस्तर की क्षमता वाले अत्याधुनिक अस्पताल के भवन निर्माण के लिए राज्य सरकार ने निविदा जारी कर दिया है। इस अस्पताल के लिए राज्य सरकार ने 32 करोड़ 9 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की है। उल्लेखनीय है राज्य में विष्णुदेव साय सरकार ने अपने बजट में कुनकुरी में 220 बिस्तर की क्षमता वाली अत्याधुनिक अस्पताल निर्माण की घोषणा की थी। इस बजट में अस्ताल भवन निर्माण के लिए आवश्यक राशि की स्वीकृति मुख्यमंत्री श्री साय ने दी है।



आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले के लिए इस अस्पताल को मील का पत्थर माना जा रहा है। सरकार की मंशा आगे चल कर, इसे मेडिकल कालेज के रूप में विकसित करने की है। जानकारी के लिए बता दें कि बीते वर्ष दिसंबर माह में राज्य की बागडोर सम्हालने के बाद मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जशपुर सहित पूरे प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा के विस्तार और इसमें गुणात्मक सुधार के लिए लगातार कार्य कर रहें हैं। उन्होनें शपथ ग्रहण करने के तत्काल बाद प्रदेश में एंबुलेंस सेवा में सुधार के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये थे। इस परिपालन में जरूरतमंद मरीजों या परिजनों से काल प्राप्त होने के आधा घंटे के अंदर मरीज को एंबुलेंस सुविधा उपलब्ध कराने को कहा गया था। केबिनेट की पहली बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी सरकारी चिकित्सालयों में मरीजों के लिए सस्ती जेनरीक दवाओं को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये थे। बीते 8 माह के कार्यकाल के दौरान जशपुर जिले में स्वास्थ्य सेवा के विस्तार के लिए तेजी से काम हो रहा है। कुनकुरी में 220 बिस्तर के अस्पताल के साथ ही मरीजों की सुविधा के लिए 25 अतिरिक्त एंबुलेंस और 1 शव वाहन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। 7 उप स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा देते हुए, आवश्यक मानव संसाधन को स्वीकृति दी जा चुकी है। जिले में 19 एमबीबीएस चिकित्सक और 7 विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना कर, चिकित्सकों की कमी को दूर करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है।

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा- पैन कार्ड के लिए ट्रांसजेंडर पहचान प्रमाण पत्र माना जाएगा वैध दस्तावेज

**नई दिल्ली) (आरएनएस)।** केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के तहत जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी 'पहचान प्रमाण पत्र' को पैन कार्ड के लिए आवेदन करने के लिए वैध दस्तावेज माना जाएगा। जस्टिस सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि भारत संघ ने सैद्धांतिक रूप से इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। केंद्र सरकार इसे लेकर नियमों में भी स्पष्टता लाने पर विचार कर रही है।

पीठ ने कहा, 'याचिका के लंबित रहने के दौरान, हमने भारत संघ से जवाब मांगा, जो इस मामले में बहुत सहायक रहा है और मोटे तौर पर उन्होंने वर्तमान याचिका में उठाई गई सभी मांगों को स्वीकार कर लिया है।

## भड़की ममता बनर्जी, बोली- अगर बंगाल जला तो यूपी, बिहार, असम भी जलेंगे

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** पश्चिम बंगाल में लेडी-डॉक्टर की हत्या के मामले में बढ़ते तनाव के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि याद रखें अगर बंगाल जला तो असम, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे और पीएम की कुर्सी गिर जाएगी। सीएम के इस बयान पर भारतीय जनता पार्टी के नेता सुकांत मजूमदार ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की राष्ट्र विरोधी टिप्पणियां किसी संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की आवाज नहीं है।



इसके जवाब में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने उन पर निशाना साधते हुए कहा कि आपकी असम को डराने की हिम्मत कैसे हुई? ममता ने कोलकाता की एक रैली में कहा था कि कुछ लोगों को लगता है कि यह बांग्लादेश है। मुझे बांग्लादेश से प्यार है। वे हमारी तरह बात करते हैं और हमारी संस्कृति भी एक जैसी है। लेकिन, याद रखिए कि बांग्लादेश अलग देश है और भारत अलग देश है।

मोदी बाबू कोलकाता के रेप-मर्डर केस में अपनी पार्टी का इस्तेमाल करके बंगाल में आग लगवा रहे हैं। अगर आपने बंगाल को जलाया तो असम, नॉर्थ-ईस्ट, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी जलेंगे। हम आपकी कुर्सी गिरा देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### चरौदा में बच्चों को खिलाये कृमि की दवाई, बच्चों ने किया मेजर ध्यानचंद को स्मरण



**आरंग ( विश्व परिवार )।** गुरुवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर विकासखंड में 1 से 19 वर्ष तक के सभी बच्चों और किशोर किशोरियों को कृमि नियंत्रक गोलियां स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में खिलाई गई। वही अंचल के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा में आरएचओ श्रीमती उमा साहू और सुपरवाइजर श्रीमती नीला विश्वास स्कूल पहुंचकर बच्चों को कृमि की गोलियां खिलाई।साथ ही बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरुक करते हुए साफ सफाई का ध्यान रखते हुए संक्रमण से बचने आवश्यक सावधानियां बरतने को कहा।वहीं राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को बच्चो ने स्मरण किया।इस मौके पर संस्था के वरिष्ठ शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल ने बच्चों को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाये जाने के कारणों का विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए जीवन में खेलकूद के महत्व को बताया। साथ ही फुगड़ी, कबड्डी, रस्सी कूद आदि खेल भी कराया।इस अवसर पर संस्था प्रमुख के के परमाल, वरिष्ठ शिक्षक अशोक चंद्राकर, सूर्यकांत चंद्राकर, दीनदयाल धीवर, डिलेश्वर साहू, शिक्षिका संगीता पाटले सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों की उपस्तिथि व सहभागिता रही।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर अल्बेंडाजोल टेबलेट का विवरण



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय कृमि दिवस पर अल्बेंडाजोल टेबलेट का वितरण 29 अगस्त 2024 को शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाजार में प्राचार्य डॉ.ए.आर.सी.जेम्स के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्राणी शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार मिश्रा द्वारा छात्र-छात्राओं को अल्बेंडाजोल टेबलेट का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य में सुधार और कृमि संक्रमण की रोकथाम करना तथा डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने छात्रों को बताया कि कृमि संक्रमण के कारण बच्चों की सेहत और शारीरिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव पड सकता है। अल्बेंडाजोल टेबलेट का सेवन से कृमि संक्रमण को रोका जा सकता है इस दौरान महाविद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्य डॉ. ए.के. उपाध्याय, नरेन्द्र देव मिर्जा, जयंत मिंज एवं हनी लहरे ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने सभी छात्रों से अनुरोध किया कि वह अल्बेंडाजोल टेबलेट का सेवन करें और अपने परिवार के सदस्यों को भी इस बारे में जागरूक करें ताकि समूह समाज में कृमि संक्रमण की रोकथाम की जा सके।

### चंद्रकांत सातपुते का निधन



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कल्पतरू अपार्टमेंट, कोटा, रायपुर निवासी श्री चंद्रकांत सातपुते का आज सुबह निधन हो गया। उनकी शव यात्रा शुक्रवार सुबह 10 बजे निवास स्थान कल्पतरू अपार्टमेंट, कोटा से मरवाड़ी श्मशान घाट के लिये निकाली जायेगी। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। वे सतीश एवं संजय के बडे भाई एवं पंकज, नीरज सातपुते के पिताजी थे।

### महाविद्यालय में एनसीसी प्रथम वर्ष के लिए छात्र छात्रा सैनिक की भर्ती

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** डी.के.कॉलेज बलौदा-बाजार में दिनांक 28/08/2024 को एन.सी.सी प्रथम वर्ष भर्ती का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के इच्छुक छात्र- छात्राएं इस भर्ती में शामिल हुए। एन.सी.सी भर्ती के लिए 7 सी.जी बटालियन एनसीसी बिलासपुर से नायब सूबेदार परविंदर सिंह और हवलदार राजकुमार सिंह ने एनसीसी प्रथम वर्ष भर्ती संपन्न किया।

# भाजपा प्रकोष्ठों की संयुक्त कार्यशाला समपन्न

**भाजपा सदस्यता अभियान में सबको अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना है : किरण देव**

**कार्यकर्ता सदस्यता अभियान का लोगो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपने-अपने डीपी में लगा लें**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि 4 सितंबर से प्रदेश में एक साथ शुरू होने जा रहे भाजपा सदस्यता अभियान में सबको अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के हाथों पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर इस अभियान की शुरुआत करेंगे। 3 सितंबर को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सदस्यता ग्रहण कर प्रदेश में अभियान शुरू करेंगे। 4 और 5 सितंबर से जिला और मंडलों में यह अभियान प्रारंभ होगा। श्री देव भाजपा सदस्यता अभियान के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश व सभी जिलों के भाजपा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की एक वृहत बैठक को गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में संबोधित कर रहे थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि भाजपा विश्व में एक मात्र ऐसा राजनीतिक दल है जिसके 1 जनवरी से लेकर 31 दिसंबर संगठन की कार्य योजना के अनुसार कार्यक्रम होते हैं और उसका परिणाम आज यह है कि हम पूरी दुनिया में सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप खड़े हैं। प्रकोष्ठों के सभी संयोजकों ने अपना लक्ष्य निर्धारित किया है। हमको सदस्य बनना है और बनाना भी है। श्री देव ने कहा कि चार महीने के बाद हम दो और चुनाव में जाने वाले हैं, एक नगरीय निकाय चुनाव और दूसरा पंचायत चुनाव। इनमें इस सदस्यता अभियान की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। हम अपने पिछले लक्ष्य को पार करें और पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा की सरकार बने, यह हमारे एक अवसर है। श्री देव ने कहा कि हमारे लिए सदस्यता अभियान संगठन महापर्व है। राजनीतिक दल के रूप में हम काम करते हैं और इसलिए इस अभियान में हम यह संदेश देने में सफल रहेंगे कि भाजपा पार्टी विथ डिफ्रेंस है जिसमें आंतरिक लोकतंत्र है, उसका अपना संविधान है, उस व्यवस्था के तहत कार्यक्रम और विचार लेकर हम जनता के बीच जाते हैं। इसलिए भाजपा कार्यकर्ता और कार्यक्रम आधारित दल है। श्री देव ने आग्रह किया कि सभी प्रकोष्ठों की ओर से अपने-अपने क्षेत्रों में होर्डिंग्स लगाया जाना चाहिए ताकि एक वातावरण बने। श्री देव ने सभी प्रकोष्ठों से आग्रह किया कि अभियान के परिप्रेक्ष्य में की गई संरचना पर अमल करें, क्योंकि 4 तारीख से जिलों के सदस्यता अभियान में सभी मोर्चा के उस जिले में रहने वाले सभी पदाधिकारी, कार्यसमिति के सदस्य, एक साथ पूरे 35 जिलों से सदस्यता अभियान की शुरुआत एक साथ करेंगे। श्री देव ने कहा कि दो चरणों में सदस्यता अभियान में किसी भी प्रकार से हम अपने निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी मेहनत करें।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि यह लक्ष्य यूं ही पूरा नहीं होगा। आज भाजपा सबसे बड़े दल के तौर पर जिस ऊँचाई पर है, उसे बनाए रखने के लिए सदस्यता अभियान में पूरे मनोयोग से जुट जाएँ ताकि जनता के बीच में भी संदेश अच्छा जाए। इस बार पार्टी के प्रमुख पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को भी लक्ष्य दिया गया है। प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य अगर हम बनाएंगे। प्रदेश में 23, 681 बूथ हैं, तो प्रत्येक बूथ पर सदस्यता का लक्ष्य हासिल करके हम प्रदेश में लगभग 48 लाख सदस्य बनाएँगे। प्रधानमंत्री के हमारे पास जो कार्यक्रम आते हैं उसको सेवा सप्ताह के रूप में हम मना रहे हैं तो उसको भी ध्यान में रखें।

# मुख्यमंत्री ने दानी स्कूल में छात्राओं को कृमि रोधी दवा खिलाकर किया शुभारंभ



**अभियान के रूप में चलाने का किया आव्हान**

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय राजधानी रायपुर के जे. आर. दानी गर्ल्स स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं को एलबेंडाजोल की गोली खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने इसे इस दिवस को अभियान के रूप में चलाने का आव्हान करते हुए कहा कि इससे हमारे बच्चे स्वस्थ्य रहेंगे और देश की प्रगति में अपना बहुमूल्य योगदान देंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उन्हें इस स्कूल में बेटियों के मध्य आकर बड़ी खुशी हो रही है। आज की बेटियां हर क्षेत्र में उम्दा प्रदर्शन कर रही हैं। यह हमारा भविष्य हैं। राष्ट्रीय कृमि दिवस का महत्व बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कृमि संक्रमण एक आम समस्या है जो अनुमानित रूप से 1-19 वर्ष की आयु के बच्चों को प्रभावित करती है। इस संक्रमण के कारण अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी होती है। अत: इस इस नेशनल डीवार्मिंग डे के अवसर पर बच्चों को अवश्य कृमि की दवा खिलाएं और इस अभियान को जिम्मेदार नागरिक और अभिभावक के तौर पर सफल बनाए।

स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि आज के बच्चे कल राष्ट्र के भविष्य है।

# सड़क सुरक्षा एवं जागरूकता से संबंधित विभिन्न प्रचार प्रसार अभियान चलाए गए



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** अन्तर्विभागीय लीड एजेंसी ( सड़क सुरक्षा) द्वारा राज्य में सड़क सुरक्षा जागरुकता एवं सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं दुर्घटनों में कमी, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को त्वरित चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराकर उनकी जान बचाने वाले गुड सेमेरिटन को प्रोत्साहित करने के सम्बंध में जारी दिशा-निर्देशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किये जाने के संबंध में तैयार प्रचार सामग्रियों को एआईजी ट्रैफिक, एवं अध्यक्ष, अंतर विभागीय लीड एजेंसी, सड़क सुरक्षा, पुलिस मुख्यालय छत्तीसगढ़ श्री संजय शर्मा एवं यातायात पुलिस के अधिकारियों द्वारा अंतराज्यीय बस स्टैण्ड भाठागांव रायपुर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर शहर में संचालित होने वाले ई-रिक्शा, सवारी आटो एवं यात्री बसों में चस्पा कर प्रचार-प्रसार का शुभारंभ किया गया।

उक्त कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर श्री ओम प्रकाश शर्मा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात रायपुर श्री गुरजीत सिंह, श्री सुशांतो बनर्जी एवं थाना प्रभारी यातायात बस स्टैण्ड भाठागांव रायुपर प्रभारी निरीक्षक विशाल कुजूर सहित थाना बस स्टैण्ड भाठागांव के स्टॉप उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम के दौरान एआईजी ट्रैफिक श्री संजय शर्मा द्वारा उपस्थित ई-रिक्शा चालक, बस चालक- परिचालकों को बताया कि यातायात जागरूकता निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है, सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु सड़क सुरक्षा संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संदेश वाहक के रूप में कार्य करते हुए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की गई। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद करने वाला व्यक्ति (गुड सेमेरिटन) अब सभी प्रकार की परेशानिया जैसे-अस्पताल, पुलिस एवं अदालती प्रक्रियाओं से सुरक्षित है।

# जिले में जनसाधारण की समस्याओं के समाधान हेतु जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का होगा आयोजन

**जगदलपुर ( विश्व परिवार )।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में जन सामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों का समाधान करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा जिले में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविरों के आयोजन हेतु जारी रोस्टर के अनुरूप 04 सितम्बर 2024 बुधवार को बकावंड विकासखण्ड के वनग्राम मोहलई, 27 सितम्बर 2024 शुक्रवार को जगदलपुर विकासखण्ड अंतर्गत गुमलवाड़ा, 18 अक्टूबर 2024 शुक्रवार को लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक के चंदेला, 30 अक्टूबर 2024 बुधवार को तोकापाल विकासखण्ड के सिरिसगुड़ा, 14 नवम्बर 2024 गुरूवार को दरभा ब्लॉक के कोलेंग, 27 नवम्बर 2024 बुधवार को तोकापाल विकासखण्ड के कापानार, 12 दिसम्बर 2024 गुरूवार को बस्तर विकासखण्ड अंतर्गत पखनाकोंगेरा तथा 26 दिसम्बर 2024 गुरुवार को बकावंड ब्लॉक के बेलपुटी में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर निर्धारित तिथि पर प्रात: 11 बजे प्रारंभ होगी, इन शिविरों में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। जनसमस्या निवारण शिविर संचालन की पूरी जिम्मेदारी सम्बन्धित मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत की होगी।

# 6 सितम्बर को दिल्ली में स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती के जन्म शताब्दी समारोह में साईं मसन्द होंगे शामिल

**लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी करेंगे भेंट, 8 सितम्बर को शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज से दिल्ली सिंधी समाज की होगी भेंटवार्ता**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** इस बार श्रीज्योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती महाराज का चातुर्मास व्रत महोत्सव आगामी 17 सितम्बर तक दिल्ली में आयोजित है। उनके चातुर्मास व्रत महोत्सव के अंतर्गत गत् वर्ष ब्रह्मलीन हुए उनके पूज्य गुरुदेव, शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज का 6 सितम्बर को जन्म शताब्दी समारोह आयोजित किया गया है। स्थानीय मसन्द सेवाश्रम के पीठाधीश साईं जलकुमार मसन्द साहिब इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु 5 सितम्बर को प्रात: 5 बजे दिल्ली पहुंचेंगे। दिल्ली में वे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी मिलेंगे। साईं मसन्द कोटा राजस्थान के एक धार्मिक कार्यक्रम में हर साल विशिष्ट अतिथि रहते हैं, जहां उनकी श्री ओम बिरला से भेंट होती रही है।

उल्लेखनीय है कि 1962 में हुए भारत चीन युद्ध के समय से अब तक देशहित में निरंतर सक्रिय रहने वाले सिंधी समाज के विख्यात संत साईं मसन्द का महान स्वतंत्रता सेनानी रहे स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज से सन् 1969 से आत्मीय सम्बन्ध रहे हैं। वे उनके अंतिम समय में भी नरसिंहपुर जिले में स्थित परमहंसी गंगा आश्रम में उपस्थित थे। उनके उत्तराधिकारी शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज से भी उनके लगभग 8 वर्षों से बड़े आत्मीय सम्बन्ध हैं। साईं मसन्द 12 वर्षों से शंकराचार्यों एवं अन्य बड़े संतों के सहयोग से देश में सर्वजन हितकारी वैदिक सिद्धांतों पर आधारित शासन की स्थापना करवाकर भारत को पुन: विश्वगुरु बनाने का अभियान चला रहे हैं।

दिल्ली में वे एक सप्ताह शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज के अतिथि रहेंगे। वहां से वे सिंधी समुदाय के महान संत सखीबाबा आसूदाराम साहिब जी के वर्सी महोत्सव में शामिल होने 12 सितम्बर को लखनऊ जाएंगे। इसके पहले रविवार 8 सितम्बर को वे दिल्ली स्थित सिंधी समुदाय की सभी पूज्य सिंधी पंचायतों, समाजसेवी संस्थाओं, झूलेलाल मंदिरों आदि के प्रमुख पदाधिकारीयों एवं वरिष्ठ सिंधी पत्रकारों आदि की शंकराचार्य स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज से उनके चातुर्मास व्रत स्थल नरसिंह सेवा सदन पीतमपुरा में प्रात: साढ़े ग्यारह बजे सौजन्य भेंटवार्ता कराएंगे। इन सबके दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी उन्होंने वहीं शंकराचार्य महाराज के यहां रखवाई है।


**AUCTION NOTICE** — **IndusInd Bank Ltd.**

Bids are invited to Sale below mentioned vehicle as on where is basis, for inspection interested person may contact to respective person on given contact no as below. Through the present notice we hereby once again call upon the borrower & Co-borrower concerned for clear their dues on or before 05.09.2024, else we shall be constrained to sell off the vehicle and loss if any shall be recovered from them.

| Branch Name | Deal No. | Customer Name / Co-b Name | Reg No. | Engine No. | Chassis No. | Yard Name | Contact Person |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BILASPUR | FRB00808G | VISHNU DHRUW | CG10BJ8914 | S0K9125379 | MBX0007 BFYL060814 | JAIN CAMPUS YARD, BILASPUR | RAVI SINGH CHAUHAN, MOB No. 7000827278 |
| PATHAL-GAON | FAP00151G | FOOL SAY / MEENA MINJ | UP64BT8096 | MAT559007 NZN28932 | 800CCDI04 NXXSF6467 | MAHAMAYA YARD, AMBIKAPUR | KARAMVEER SINGH MOB No. 9644370009 |

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223**
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू, रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. भवन कमांक-753 श्री पंकज शुक्ला पिता श्री रविन्द्रनाथ शुक्ला** के नाम से आबंटित है, आबंटी द्वारा उक्त भवन की लीजडीड/अनुबंध दिनांक 25/04/2006 पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्री पंकज शुक्ला पिता श्री रविन्द्रनाथ शुक्ला निवासी-हाउस नंबर डी 25/1 बजाज कालोनी सेक्टर-01 न्यू राजेन्द्र नगर, आशादीप हास्पीटल के सामने अमलीडीह, रायपुर जिला रायपुर ( छ.ग. )** के द्वारा उक्त भवन को **श्रीमती नेहा पाटकर पति श्री तारेन कुमार पाटकर निवासी मकान नंबर 154, महामाया पारा वार्ड नंबर 07 नगरगांव, रायपुर तहसील व जिला रायपुर ( छ.ग. )** के नाम से विकय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन एवं विकय इकरारनामा, शपथ पत्र प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति्, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**सम्पदा अधिकारी,**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./13929/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 29-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 13929**
**वार्ड का नाम-46-मौलाना अब्दूल रऊफ वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR449B00178** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DURYODHAN SAGAR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MANSARAM** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **प्रमिला सागर** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. राजेन्द्र सागर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14132/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 29-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14132**
**वार्ड का नाम-46-मौलाना अब्दूल रऊफ वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR440G00184** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SULOCHANA DEVI THADWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DAULAT RAM THADWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **दौलत राम थद्वानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **स्व. दयाल दास थद्वानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)**
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

पत्र क्र./14134/ न.पा.नि./जोन क्र.-4/2024
रायपुर, दिनांक 29-08-2024

**इश्तिहार**

**नामांतरण प्र.क्र. 14134**
**वार्ड का नाम-46-मौलाना अब्दूल रऊफ वार्ड**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 46 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR440D00008** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **SULOCHANA DEVI THADWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DAULAT RAM THADWANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **रवि थद्वानी** पिता/पति, श्री/श्रीमती **दौलत राम थद्वानी** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
**( जोन कमिश्नर )**
**जोन क्रमांक-4**
**नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 394 दिनांक 29.08.2024**
**वार्ड का नाम- राजीव गांधी वार्ड**
**वार्ड क्र. 05 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **05** मांग **पंजी क्र. 78 युआईडी 11925** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **अग्रसेन अग्रवाल/एस. के. अग्रवाल** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1. जवाहर लाल साहू/रतन लाल साहू 2. नामदेव साहू/दसरू राम साहू 3. रूपेन्द्र कुमार साहू/सेवक राम साहू** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **28-09-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 395 दिनांक 29.08.2024**
**वार्ड का नाम- सुभाष चंद्रबोस वार्ड**
**वार्ड क्र. 35 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **35** मांग **पंजी क्र. 405 युआईडी 29304** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **राजेंदर शाह/धरमनाथ शाह** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **मीना देवी शाह/राजेंदर शाह** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **28-09-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 396 दिनांक 29.08.2024**
**वार्ड का नाम- मो. अब्दुल रउफ वार्ड**
**वार्ड क्र. 28 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **28** मांग **पंजी क्र. 491 युआईडी 26170** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **सैय्यद शहजाद अली/सैय्यद अहमद अली,** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1. शौकत अली अंसारी / मोहम्मद इब्राहीम 2. मोकिमा खातून/शौकत अली अंसारी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **28-09-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

**कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

**-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्रकरण क्र. 397 दिनांक 29.08.2024**
**वार्ड का नाम- वीर भीमाशाह वार्ड**
**वार्ड क्र. 03 वर्ष- 2024-25**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक **03** मांग **पंजी क्र. 51 युआईडी 11209** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **दिनेशधर दीवान/नंदधर दीवान** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **उत्तरा दीवान/दिनेश धर दीवान** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **28-09-2024** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

**राजस्व अधिकारी**
**नगर पालिक निगम, बीरगांव**
**जिला-रायपुर ( छ.ग. )**

# भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक सम्पन्न

## मिस कॉल,नमो एप और स्कैनर से ले सकेंगे भाजपा की सदस्यता

### जहां फोन की दिक्कत वहां फॉर्म से भी दी जाएगी सदस्यता- प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी




**कोरबा(विश्व परिवार)।** भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी सदस्यता अभियान के परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को यहां आशीर्वाद पॉइंट परिसर स्थित टीपी नगर कोरबा में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य वक्त भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सावन्नी ने अपने मार्गदर्शन में कहा कि यह संगठन पर्व की शुरुआत है और इसमें पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाना है, आज हमारे लिए वातावरण अनुकूल है, देश में श्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व में तीसरी बार सरकार बनी है और प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है। पिछली सदस्यता समाप्त हो गई है, अब फिर से सभी को सदस्य बनाकर भारत के विकसित देश बनने की यात्रा में सहभागी बनाना है। देश की आजादी के बाद जो नीतियां थीं वह देश के अनुकूल नहीं थी, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी कश्मीर के मुद्दे पर शहीद हो गए, यह ध्यान रखें कि जनसंघ का गठन जिस भाव से हुआ वह सभी के बीच पहुंचे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र सावन्नी ने कहा कि आज भाजपा कार्यकर्ताओं की तपस्या और त्याग के बल पर ही सबसे बड़ी पार्टी बनी है। हमने कभी विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया। धारा 370 खत्म करके लाल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर हमने अपनी इसी वैचारिक प्रतिबध्दता का परिचय दिया है। एक पर्व की तरह हम इस सदस्यता अभियान को मनाएं। श्री सिंह ने 2014, 2019 से लेकर अब तक के सदस्यता अभियान की जानकारी देकर बताया कि पार्टी की सदस्यता ऑनलाइन इस बार भी होगी। सदस्यता के लिए जाते समय साहित्य के साथ सरकार की उपलब्धियां बताना है और पार्टी के उत्कृष्ट चाल, चरित्र, चेहरे के बारे में भी बताएं। ऑनलाईन सदस्यता के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि जिन सदस्यों के पास स्मार्ट फोन नहीं है, वे मिस्ड कॉल करेंगे। इसके बाद उनके पास लिंक आएगा जिसे अन्य सदस्य के स्मार्ट फोन पर भेजकर सदस्यता ले सकेंगे। श्री सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान के लिए 31 अगस्त तक बूथ स्तर पर बैठकें करनी है। सदस्यता के विभिन्न चरणों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि सदस्यता विस्तारक अब सदस्यता सहयोगी होंगे। सभी बूथों पर सांसदों, विधायकों, जि.पं. अध्यक्षों, महापौरों को भी लक्ष्य दिए जाएंगे और सभी बूथ स्तर तक जाएंगे। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100 विशिष्ट जनों को सदस्य बनाना है। अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के निमित्त 20 सदस्य बनाना है। इसके बाद सक्रिय सदस्यता के लिए काम होगा। सक्रिय सदस्य के संबंध में प्रदेश और जिला अध्यक्ष निर्णय लेंगे।

# प्रीलिटिगेशन प्रकरण में राजीनामा कराये जाने के छूट संबंधी जानकारी सभी पक्षकारों को दिया जाए



**कोरबा(विश्व परिवार)।** आगामी दिनांक 21 सितम्बर 2024 को आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। माननीय सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा बैंक, नगर पालिक निगम कोरबा, दूरसंचार विभाग एवं अन्य वित्तीय संस्थान के शाखा प्रबंधक की बैठक ए.डी.आर. भवन कोरबा में ली गई। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष के द्वारा सभी बैंकों को प्रीलिटिगेशन के प्रकरण को अधिक से अधिक संख्या में लगाये जाने तथा प्रीलिटिंगेशन प्रकरण में मिलने वाले छूट की जानकारी पक्षकार गण को दिये जाने हेतु कहा गया जिससे नेशनल लोक अदालत में राजीनामा होने वाले प्रीलिटिगेशन प्रकरण के छूट का लाभ मिले और अधिक से अधिक प्रकरण का निराकरण किया जा सकें। उक्त बैठक में लीड बैंक के शाखा प्रबंधक, नरोत्तम सिंह ठाकुर, एल.डी.एम., नरोत्तम सिंह ठाकुर, मनका मुर्म, प्रबंधक, केनरा बैंक, अम्बरिश कुमार पाठक, ग्रामीण बैंक कोरबा जेस्टिन टी., बैंक, आफ बड़ौदा कोरबा, विनोद एक्का,पी.एन.बी. कोरबा, विनायक बेटारे, छ.ग. राज्य ग्रामीण बैंक बस स्टेण्ड कोरबा, अभिनव प्रताप सिंह, नगर पालिक निगम कोरबा, प्रनव कुमार निराला, आई.डी.बी.आई कोरबा, निलेश अग्रवाल, दूरसंचार विभाग कोरबा, आशीष टोप्पो, अनिल कुमार अग्रवाल, रोशन सिंह, सेन्ट्रल बैंक कोरबा, प्रशांत पीटर होरो, यूको बैंक कोरबा, तरूण कुमार, यूनियन बैंक निहारिका कोरबा एवं कल्पना तिवारी इंडियन ओवरसीज बैंक कोरबा उपस्थित हुए।

# एनटीपीसी प्लांट में तिरपाल बांधते समय युवक हुआ हादसे का शिकार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एनटीपीसी पॉवर प्लांट के सायलो में राखड लदान के लिए पहुंचे ट्रेलर का चालक अपने ट्रेलर के ऊपर चढक़र तिरपाल को बांध रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह ट्राले के भीतर गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वह ट्राले के भीतर दर्द से कराह रहा था। राखड़ लदान के लिए पहुंचे अन्य ट्रेलर चालक व परिचालक ने ट्रेलर के अंदर से दर्द से चिल्लाने की आवाज सुनी। जिस पर ट्राले के पिछले हिस्से को हल्का उठाकर झांक कर देखा तो घायल चालक दर्द से कराह रहा था। सभी ने घायल को अस्पताल ले जाने आसपास वाहन ढूंढना शुरू किया। मौके पर कुछ जानकर लोगों ने एनटीपीसी के अधिकारियों से संपर्क कर घायल को जल्द से जल्द अस्पताल ले जाने एंबुलेंस अथवा वाहन व्यवस्था की बात कही। जिस पर एनटीपीसी के अधिकारीयों ने डायल 112 को कॉल कर लेने की बात कही। प्रबंधन द्वारा किसी तरह की मदद नहीं मिली। जिस पर चालकों ने डायल 112 को कॉल किया गया। दर्री डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची, जिसमें तैनात आरक्षक सुरोत्तम देवांगन और चालक कपिंद्र ने आसपास उपस्थित चालक और परिचालक की मदद से घायल को भारी-भरकम ट्राले के पिछले हिस्से को उठवाकर बाहर निकला और डायल 112 वाहन के माध्यम से नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां घायल युवक का इलाज जारी है।

# खनन प्रहरी मोबाइल एप पर निडर होकर कोयल के अवैध खनन की कर सकते हैं शिकायत

### दखनन प्रहरी एप में पहचान रहेगी गुप्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोयला खदानों से कोयला चोरी रोकने के लिए कोयला मंत्रालय नित्य नए-नए तरीके ढूंढ रहा है, लेकिन इस राष्ट्रीय संपत्ति की चोरी नहीं रुक रही है। यहां सीआईएसएफ की भी भारी फौज है। नई-नई तकनीक अपनाई गई है बावजूद कोयला चोरी बदस्तूर जारी है। इसके कारण अब कोयला मंत्रालय ने खनन प्रहरी एप को और ताकत देने के लिए कुछ नई व्यवस्थाएं की है। खनन प्रहरी मोबाइल एप पर कोयले के अवैध खनन की लगातार मिल रही शिकायतों से उत्साहित कोयला मंत्रालय ने इसे और अधिक सशक्त और सुरक्षित करने का निर्णय लिया है। अब एप पर शिकायत करने वालों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उनकी पहचान गुप्त रखी जाएगी। हालांकि पहले से ही शिकायतकर्ता की पहचान गुप्त रखने की व्यवस्था है लेकिन इसे और मजबूत किया जाएगा। मंत्रालय चाहता है कि शिकायत करने वालों की जानकारी किसी भी हालत में बाहर नहीं आ पाए। कोयला मंत्रालय ने एक बार फिर लोगों से आह्वान किया है कि वह निडर होकर कोयला के अवैध खनन की शिकायत खनन प्रहरी एप पर करे। अब तक खनन प्रहरी एप पर कोयले के अवैध खनन से संबंधित सैकड़ों शिकायतें मिली हैं। इनमें से कई शिकायत जांच में सही पाई गई है। इन मामलों पर कार्यवाही भी की गई है। कार्यवाही का तरीका कुछ ऐसा है कि उस क्षेत्र के स्थानीय प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित कर तुरंत ठोस कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया जाता है। फिर एक्शन टेकन रिपोर्ट ली जाती है।

# एसडीएम ने पटवारी और राजस्व निरीक्षकों के कामकाज की समीक्षा की

### जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने और समय पर सेवा प्रदान करने कहा

**महासमुंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद श्री उमेश कुमार साहू ने आज हल्का पटवारी और राजस्व निरीक्षकों के कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने गिरदावरी, अभिलेख शुद्धता, अतिक्रमण पंजी संधारण, डिजिटल फसल सर्वे जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती मिषा कोसले, तहसीलदार श्री श्रीधर पंडा सहित राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी मौजूद थे। इस बैठक का उद्देश्य जिले में राजस्व संबंधी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने और प्रक्रियाओं में पारदर्शिता लाने पर जोर देना था। समीक्षा के दौरान, श्री साहू ने पटवारियों और राजस्व निरीक्षकों द्वारा प्रस्तुत किए गए आंकड़ों और रिपोर्ट का भी अवलोकन किया। उन्होंने विशेष रूप से लंबित मामलों की स्थिति पर चर्चा की और निर्देश दिया कि इन मामलों का जल्द से जल्द निपटारा किया जाए। एसडीएम ने जनता से जुड़े मामलों में संवेदनशीलता बरतने और समय पर सेवा प्रदान करने की महत्ता पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि निर्धारित समय सीमा में काम पूरा करें। श्री साहू ने उनकी समस्याओं को सुना समाधान भी किया। बैठक में उन्होंने गिरदावरी कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि गिरदावरी को समय सीमा में पूर्ण करें, ताकि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अभिलेखों की प्रामाणिकता को सुनिश्चित करने के लिए नियमित अद्यतन और निरीक्षण की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे राजस्व अभिलेखों की प्रामाणिकता बनी रहे।

# विकास कार्यों का कैबिनेट मंत्री देवांगन के मुख्य आथित्य में हुआ भूमिपूजन




**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग और श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने कोरबा नगर निगम के पांच वार्डों में कुल 50 लाख के विभिन विकास कार्यों की सौगात दी। इस क्रम में वार्ड क्रमांक 23, कपिलेश्वर मंदिर, पंडित रवि शंकर नगर परिसर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन ने भूमिपूजन कर शिलापट्टी का अनावरण किया। वॉर्ड क्रमांक 23 पंडित रविशंकर नगर के कृष्णा नगर में जैतखाम के चारों ओर बाउंड्रीवॉल एवं गेट निर्माण कार्य लागत 5 लाख रुपए व कपिलेश्वर धाम भागवत मंच के पास शेड निर्माण लागत 10 लाख रुपए कुल 15 लाख रुपए के कार्यों के भूमिपूजन किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा की विधानसभा चुनाव में जीतने के बाद जब पहली बार कपिलेश्वर नाथ मंदिर में दर्शन करने पहुंचे थे, तब माताएं और बहनों ने शेड निर्माण कराने का आग्रह किया था। तब तत्काल विधायक मद से इसकी स्वीकृति दी गई थी और आज सौभाग्य की बात है की इस बड़े कार्य का कार्य प्रारंभ हो रहा है। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने आगे कहा की कोरबा नगर निगम के सभी वार्डों में जिला खनिज न्यास मद से 5-5 लाख रुपए की राशि जारी की गई थी, अब सभी कार्यों का टेंडर प्रक्रिया पूरी कर कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने कहा की प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री व प्रभारी मंत्री अरूण साव के मार्ग दर्शन में सभी विकास कार्य को स्वीकृति मिल रही है। इस अवसर पर नगर निगम सभापति श्याम सुन्दर सोनी ने कहा की कोरबा के विधायक और कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन द्वारा चुनाव के बाद जो-जो वादें किए गए थे, उन्हें तत्काल स्वीकृति देकर कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा की कोरबा के सभी वार्डो का समुचित विकास किया जा रहा है। इसके लिए उन्होंने मंत्री श्री देवांगन का आभार भी जताया। इस अवसर पर नगर निगम नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, वॉर्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन, कोसाबाड़ी मंडल अध्यक्ष अजय विश्वकर्मा, मंदिर समिति की अध्यक्ष सुधा झा सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन से पंडित रविशंकर नगर सार्वजानिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा पंडाल के समीप कई महत्वपूर्ण विकास कार्य की मांग करी। इस मांग को सहर्ष स्वीकार करते हुए कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन ने विधायक निधि से निर्माण करने की घोषणा करी। वॉर्ड क्रमांक 25, पंचमुखी हनुमान मंदिर में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री श्री देवांगन शामिल हुए। उन्होंने पंचमुखी हनुमान और शिवलिंग की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। वॉर्ड में सुभाष ब्लॉक के हनुमान मंदिर के पास पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य कुल लागत 5 लाख रुपए, बाईपास रोड पर पूर्वांचल विकास समिति के समीप बाउंड्रीवॉल से प्रेस क्लब बाउंड्रीवॉल तक बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य लागत 14.48 लाख रुपए, वार्ड 26 मुड़ापार रवि स्वीट्स के पीछे सार्वजनिक मंच का निर्माण कुल लागत 5 लाख ,वार्ड 27 गायत्री नगर में नाली निर्माण लागत 5 लाख ,वार्ड 30 मानिकपुर में मुक्तिधाम निर्माण कार्य लागत 5 लाख का भूमिपूजन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### थाना के भीतर में युवक ने पी लिया फिनाइल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** चोरी के संदेही युवक ने थाना के भीतर जहरीला कीटनाशक द्रव्य पी लिया। उसे जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार युवक को बाइक चोरी के एक मामले में टीम द्वारा पूछताछ के लिए संदेह के आधार पर लाया गया था। उसे थाना के भीतर बिठा कर रखा गया था और जहां पर वह मौजूद था, उसी के पास में जहरीला कीटनाशक द्रव्य की बोतल रखी हुई थी। संदेही युवक ने मौका देखकर जहरीला कीटनाशक द्रव्य की शीशी को फटाफट खोला और गटागट पी लिया। उसकी हरकत देखते ही थाना में मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया और उसके हाथ से बोतल को तत्काल छीन कर थाना प्रभारी को सूचना देते हुए उसे अस्पताल पहुंचाया गया।

### नाश्ता बनाने में देर हुई तो पति ने किया प्रताड़ित

**कोरबा(विश्व परिवार)।** नाश्ता बनाने में विलंब हो जाने पर पति ने पत्नी के साथ मारपीट की और धमकाया भी। पीड़िता सोनमती साहू पति दिनेश साहू 31 वर्ष सीएसईबी कालोनी शापिंग सेन्टर गुरुवारी बाजार के सामने थाना दर्री में रहती है। वह 25 अगस्त को सुबह 11.30 बजे थाना आकर बतायी कि पति छोटी-छोटी बात को लेकर गुस्सा करते हैं। घटना दिनांक को सुबह लगभग करीब 8 बजे नास्ता बनाने में लेट हुआ तो इसी बात को लेकर गाली दिया। सोनमती ने गाली देने से मना किया तो पति ने उसके दाहिने हाथ को मरोड़ दिया और किसी को बताने पर जान से मार दूंगा कहकर धमकी दे रहा था। घटना को सास, और जेठ देखकर छुड़ाये। पूर्व में भी पति दिनेश् साहू के द्वारा कई बार मारपीट किया गया है।

### दो डीजल चोर पकड़ाये,साथ में खरीददार भी गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जिले की दीपका थाना पुलिस ने डीजल चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार किया है साथ ही पुलिस ने चोरी का डीजल खरीदने वाले एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 245 लीटर डीजल के साथ बोलेरो, केम्पर वाहन और जेसीबी जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार एसईसीएल गेवरा परियोजना के सुरक्षा प्रभारी धनाराम सूर्यवंशी ने दीपका थाने में परियोजना में लगे वाहनों से डीजल चोरी होने की लिखित रिपोर्ट दर्ज कराई। जिस पर पुलिस को दिनांक 27 अगस्त को शाम लगभग सात बजे मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गेवरा खदान के भठोरा फेस में एक कैम्पर वाहन में दो व्यक्ति डोजर मशीन से डीजल चोरी कर कैम्पर में भाग रहे है। सूचना पर स्टाफ के भठोरा फेस की तरफ जाते समय एक कैम्पर वाहन तेजी से आते हुये दिखा जिसे घेरा बंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गये दोनो डीजल चोर से पुछताछ किये कैम्पर में 04 नग 35 लीटर वाले जरिकेन में पुरा भरा हुआ डीजल एक कैम्पर वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजी 4219 उसमें भरा 35 लीटर वाले 04 नग जरिकेन में पुरा भरा कुल 140 लीटर डीजल 02 खाली जरिकेन एक डीजल निकालने का पाइप और बोलेरो वाहन क्रमांक सीजी 12 बीएफ 0879 कुल कीमत करीबन 824000 रूपये तथा दो डीजल चोर. फुलेश्वर कश्यप पिता रामायण प्रसाद कश्यप उम्र 31 वर्ष साकिन बम्हनीकोना थाना हरदीबाजार जिला कोरबा एवं व्यक्ति उमाशंकर राठौर पिता परमेश्वर राठौर उम्र 20 वर्ष साकिन रलिया थाना हरदीबाजार जिला कोरबा छग को थाना लाया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 303 (2), 3(5)बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। अरोपियो से पुछताछ करने पर चोरी किए डीजल मे से 105 लीटर डीजल को जेसीबी कमांक सीजी 12 1285 के आपरेटर उमेश पटेल को बिक्री करना बताया है। जेसीबी ऑपरेटर उमेश पटेल को जेसीबी के साथ थाना तलब कर पुछताछ किया गया तो उसने आरोपीगण से 35 लीटर वाले तीन जरिकेन में कुल 105 लीटर डीजल को खरदीना और जेसीबी में डालना बताया है। जिसके बाद पुलिस ने जेसीबी जब्त कर डीजल खरीददार आरोपी उमेश पटेल को नोटिस दिया गया है। वहीं आरोपिगण फुलेश्वर कश्यप और उमाशंकर राठौर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

### नाबालिग से अनाचार करने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा(विश्व परिवार)।** नाबालिग बालिका को आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण किया गया है, जिसकी रिपोर्ट पर आरोपी पवन कुमार बरगाह उम्र 20 वर्ष पीपरसत्ती थाना अकलतरा जिला जांजगीर चांपा के विरुद्ध थाना अकलतरा में धारा 363, 376 भादवि 4, 6 पाक्सो एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपी को उसके ठिकाने पर घेराबंदी कर हिरासत मे लेकर घटना के संबंध मे पूछताछ किया गया। जिस पर आरोपी द्वारा अपना जुर्म स्वीकार किया गया, जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

## संपादकीय

# पुराना तरीका अब नहीं चल पा रहा...

बतौर प्रधानमंत्री तीसरे कार्यकाल में यह धारणा टूट गई है कि नरेंद्र मोदी दृढ़ संकल्प वाले नेता हैं और वे किसी फैसले को वापस नहीं लेते हैं। इस कार्यकाल में सामने यह आया है कि सरकार चलती रहे, इस तकाजे के कारण वे किसी अन्य नेता की तरह ही व्यवहार करते हैं। इसका ताजा उदाहरण उच्च नौकरशाही में लेटरल एंट्री से संबंधित विज्ञापन को वापस लेने का प्रकरण है। इसके पहले वक्फ़ बोर्ड विधेयक, पूंजीगत लाभ टैक्स में बढ़ोतरी, और कथित सेकुलर कानून लाने का इरादा जताने के बाद एनडीए समन्वय समिति की बैठक बुलाने की तत्परता से ये रुझान जाहिर हुआ है। पिछले चार जून को आए चुनाव नतीजों के बाद भाजपा नेतृत्व ने अपनी ताकत निरंतरता की धारणा बनाने में झोंकी। मगर सिर्फ ढाई महीनों में जाहिर हो गया है कि नए बने संसदीय समीकरण के बीच फैसलों को स्ट्रीमरोल करने का पुराना तरीका अब नहीं चल पा रहा है। लोकतांत्रिक नजरिए से इसे सकारात्मक घटनाक्रम कहा जाएगा। बहरहाल, यह लेटरल एंट्री के मुद्दे पर सरकार को सियासी झटका भले लगा हो, लेकिन इससे इस नीति में कोई बदलाव नहीं होने जा रहा है। दरअसल, इसके जरिए 45 पदों की भर्ती के लिए निकले विज्ञापन का विरोध करने वाले विपक्षी दलों को नीतिगत रूप से भर्ती के इस तरीके पर कोई एतराज रहा भी नहीं है। कुशलता और प्रतिभा से संबंधित तर्कों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष में कोई मतभेद नहीं है। जबकि इन्हीं तर्कों से नीति निर्माण की सारी प्रक्रिया कॉरपोरेट सेक्टर के हाथ में दे दी गई है। गौरतलब है कि विपक्ष ने जारी विज्ञापन में आरक्षण ना होने का भावनात्मक मुद्दा उछाला। भारत में गुजरे तीन दशकों सारी सियासी बहस और गोलबंदी जातीय या सांप्रदायिक मुद्दों के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है। इन दोनों तरह के मुद्दों पर राजनीतिक ध्रुवीकरण होने की संभावना लगातार बनी रहती है। इसे समझते हुए ही केंद्र ने अपने कदम में सुधार का फैसला किया है। यह साफ कहा गया है कि लेटरल एंट्री में जातीय आरक्षण का प्रावधान कर नए सिरे विज्ञापन जारी होगा। जाहिर है, विपक्ष को तब कोई आपत्ति नहीं होगी।

# आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी के साक्षात तीन बार दर्शन करने वाली सर्वोच्च जैन साध्वी गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी..........


जैनशासन के वर्तमान व्योम पर छिटके नक्षत्रों में दैदीप्यमान सूर्य की भाँति अपनी प्रकाश-रश्मियों को प्रकीर्णित कर रहीं पूज्य गणिनीप्रमुख श्री ज्ञानमती माताजी जी जिन्होने आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी के तीन बार दर्शन किए हैं-1. नीरा (महाराष्ट्र ) में सन् 1954 में, 2. बारामती (महा.) में सन् 1955 में,3. कुंथलगिरि सिद्धक्षेत्र (महा.) में सन् 1955 में सल्लेखना के समय। सन् 1955 में आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी ने कुंथलगिरि में देशभूषण-कुलभूषण जी की प्रतिमा के समक्ष 12 वर्ष की सल्लेखना ली थी। ज्ञानमती माताजी उस समय क्षुल्लिका अवस्था में वीरमती माताजी थी,कुंथलगिरि में एक माह आचार्यश्री के श्रीचरणों में रहीं क्षुल्लिकावस्था में आचार्य श्री की प्रत्यक्ष सल्लेखना तो देखी ही है, साथ ही उनके श्रीमुख से अनेक अनुभव वाक्य भी प्राप्त किए हैं।

ज्ञानमती माताजी (क्षुल्लिका विरमती) ने आचार्य श्री शांतिसागर महाराज जी से आर्यिका दीक्षा की याचना की थी किन्तु आचार्य श्री ने कहा था कि मैंने सल्लेखना ले ली है और अब दीक्षा देने का त्याग कर दिया है। तुम मेरे शिष्य वीरसागर से आर्यिका दीक्षा लेना।

अत: चारित्र चक्रवर्ती आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के आदेशानुसार उन्होंने 1956 की वैशाख कृष्ण दूज को माधोराजपुरा (जयपुर-राजस्थान) में आचार्य श्री शांतिसागर जी के प्रथम शिष्य पट्टाचार्य आचार्य श्री वीरसागर जी महाराज से आर्यिका दीक्षा (महिलाओं के लिए दीक्षा की सर्वोच्च अवस्था) ली और आर्यिका ज्ञानमती बन गई।एवं नाम के अनुसार सारे विश्व में एक विराट साहित्य कि श्रृंखला का सृजन किया, जो कि न भूतो न भविष्यती

दिगम्बर साधु संत परम्परा में वर्तमान युग में अनेक तपस्वी, ज्ञानी ध्यानी सन्त हुए। उनमें आचार्य श्री शान्तिसागरजी महाराज एक ऐसे प्रमुख सन्त श्रेष्ठ तपस्वी रत्न हुए हैं, जिनकी अगाध विद्वता, कठोर तपश्चर्या, प्रगाढ़ धर्म श्रद्धा, आदर्श चरित्र और अनुपम त्याग ने धर्म की यथार्थ ज्योति प्रज्वलित की।

आपने जो किया व अभूतपूर्व है आपके द्वारा लुप्तप्राय, शिथिलाचारग्रस्त मुनि परम्परा का पुनरुद्धार कर उसे जीवन्त किया यह निर्ग्रंथ श्रमण परम्परा




आपकी ही कृपा से अनवरत रूप से आज तक प्रवाहमान है। आज लगभग 1600 साधु विहार कर रहे हैं, यह सब आचार्यश्री का ही उपकार है।

कर्नाटक प्रदेश में बेलगाँव जिले में भोज ग्राम के भीमगौंडा पाटील जी की धर्मपत्नी सत्यवती थीं। माता पिता दोनों भी संस्कारित थे जब आचार्य श्री शांतिसागर जी गर्भ में आए थे, तो इनकी माँ को बहुत शुभ दोहला उत्पन्न हुआ था इनकी माँ की तमन्ना हुई थी की मैं 1000 पंखडी वाले 108 कमलो से मैं जिनेन्द्र देव की पूजा करू ये भावना उत्पन्न हुई थी, फिर कमल पुष्प कोल्हापुर के राजा के सरोवर के यहाँ से लाए गए थे फिर उन्होंने पूजा की थी

उसके बाद उनकी माँ ने ठान ली थी की उनके पेट में पल रहा बच्चा जरूर होनहार होगा। सचमुच वह शुभ दोहला ही था की बालक भवितव्यता का द्योतक है। सन् 1872 में आषाढ़ कृष्णा षष्ठी के दिन माता सत्यवती ने अपने पीहर येळगुळ में एक पुत्र को जन्म दिया। इस पुत्र का नाम 'सातगौंडा' रखा गया। ये ही आगे प्रथमाचार्य शांतिसागर जी हुए हैं। 'आचार्य शांतिसागर जी के माता-पिता भोजग्राम निवासी थे, लेकिन आचार्य शांतिसागर जी का जन्म येळगुळ ग्राम में नाना के घर हुआ।

आजीवन ब्रह्मचर्य-वैराग्य पथ की और बढ़ते हुए आपने 18 वर्ष की उम्र में आजीवन ब्रह्मचर्य व्रत श्री सिद्ध सागर जी मुनिराज से लिया। साथ ही बिस्तर व जूते चप्पल का त्याग कर दिया।

गरीब अशक्त महिला को कराई यात्रा*- आपका हर्दय सचमुच विशाल था, जिसका उदाहरण मिलता है, जब आप 32वर्ष की उम्र में शिखर जी की यात्रा कर रहे थे,तब उन्हे, रास्ते मे एक अधिक उम्र की बुढ़िया रो रही थी नजर आई, उसकी पहाड़ पर जाने व वंदना की कामना थी, किंतु शारीरिक रूप से कमजोर थी। गरीब होने से डोली के रुपये भी नही थे। तब आपने बुजर्ग महिला को कंधे पर बिठा कर शिखर जी की वंदना कराई। जो उनकी विशालता को बतलाता हैं। इतना ही नही जब आप राजगृही पर्वत की वंदना ग्रहस्थ अवस्था मे कर रहे थे तब एक बुजर्ग पुरूष को भी उठा कर पहाड़ की वंदना कराई।

एक बार आचार्य श्री ने मिट्टी के कलश पर श्रीफल रखकर पड़गाहन की विधि ली 8 दिन तक विधि नही मिली। अगले दिन बहुत गरीब जिसके पास कलश धातु का नही था। मिट्टी के कलश से पड़गाहन किया। और भाग्यशाली श्रावक के यहाँ विधि मिल गई आहार अच्छे से हो गया।

ग्वालियर में शीत ऋतु में कई दिनों के बाद आहार होना था विधि यह थी कि गीले कपड़ो में कोई पड़गाहन करे 2 राउंड हो गए विधि नही मिली समाज की भीड़ भी बहुत हो गई सोले वाले श्रावक को किसी ने छू टच कर दिया सामने से आचार्य श्री आते दिखे तत्काल श्रावक ने पानी का घड़ा उड़ेल कर कपड़े पूरे गीले कर लिए पुण्योदय से आहार की विधि मिल गई और निरन्तराय आहार हुआ

कोल्हापुर में एक जवाहरात के व्यापारी का मन हुआ कि में सोने चांदी के द्रव्य से पड़गाहन करूँगा उधर संयोग वश आचार्य श्री ने भी यही विधि ली विधि मिल गई, आहार प्रारम्भ हो गया तभी उस श्रावक को ध्यान आया कि जवाहरात की थाली तो बाहर ही रखी है भीतर लाया ही नही श्रावक का ध्यान बाहर था आचार्य श्री उसकी मनोदशा समझ रहे थे इस बीच मंदिर के पुजारी ने वह थाल सुरक्षित भीतर रख दी थी सच है कि जहाँ आचार्य परमेष्ठी के चरण हो वहाँ अनिष्ट हो नही सकता है उसके बाद आचार्य श्री ने दोबारा ऐसी विधि नही ली

ऐसे बहुत संस्मरण है जिन्हें पढ़कर अगाध श्रद्धा से मन दिल झुक जाता है धन्य धन्य धन्य हो प्रभु।

शब्दांकन - श्री अभिषेक अशोक पाटील

(कार्याध्यक्ष - अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद, कोल्हापूर)

## आलेख

# छन्दय-मोड में श्रीलंका

**डॉ. सुधीर सक्सेना**

छन्दय यानि इलेक्शन 7 इलेक्शन यानि चुनाव । सिंहली- अंग्रेजी युग्म रचें तो होगा छन्दय-मोड। यानि हमारा समुद्रतटीय पड़ोसी राष्ट्र श्रीलंका इन दिनों छन्दय मोड में है। ज्यादा वक्त नहीं है। एक महिने बाद 21 सितंबर को करीब एक करोड़ 70 लाख मतदाता विषम परिस्थितियों से गुजर रहे द्वीप-राष्ट्र का नया राष्ट्रपति चुनेंगे! बिसात बिछी है। पांसे फेंके जा चुके हैं। वातावरण आवेशित है। दुविधा है। संभ्रम है।ज्यादातर खिलाड़ी सुपरिचित हैं। यूं तो एक अनार के लिये बीमारों की संख्या 39 है, किंतु मुकाबले में मुख्यत: चार खिलाड़ी हैं। ये चार खिलाड़ी हैं- अनेक दलों का समर्थन प्राप्त, निवर्तमान राष्ट्रपति निर्दलीय प्रत्याशी रानिल विक्रमसिंघे, समागी जन बालवेगया के सजिथ प्रेमदासा, श्रीलंका पोदुजाना पेरामुना के नमल राजपक्षे और जनता विमुक्ति पेरामुना के अनुरा कुमारा दिसानायके। इनमें पांच बार प्रधानमंत्री रह चुके 75 वर्षीय रानिल वरिष्ठतम हैं, जबकि सन 2019 के चुनाव में असफल रहे सजिथ प्रेमदासा और अनुरा दिसानायके क्रमश: 57 और 55 वर्ष के हैं। श्रीलंका की राजनीति में सर्वाधिक प्रभावशाली रहे कुबेर-घराने के नमल की आयु 38 वर्ष है। गौरतलब है कि श्रीलंका ? की राजनीति में राजपक्षे परिवार को स्वेच्छाचारी और एकाधिकारवादी घराने के तौर पर जाना जाता है। विगत संसदीय चुनाव में उसके पांच सदस्य जीते थे। महिंदा राजपक्षे बने प्रधानमंत्री, अनुज त्रयी गोटबाया राष्ट्रपति, चमल सिंचाई मंत्री, बेसिल वित्तमंत्री और पुत्र नमल खेलमंत्री। सन 2022 में व्यापक जनाक्रोश राजपक्षे परिवार के खानदानी राज के पतन का कारण बना। यूँ तो रानिल सत्ताच्युत गोटबाया राजपक्षे की पसंद थे, लेकिन वक्त ने रानिल पर गोटबाया के भरोसे की चूलें हिला दी है। यही वजह है कि अविश्वास और आशंका के वशीभूत उन्होंने युवा नमल को मैदान में उतार दिया है। लंदन विश्वविद्यालय से विधि में स्नातक नमल एसएलपीपी का पोस्टर ब्वॉय हैं। उनको मिले वोट इस बात का पैमाना होंगे कि अधिनायक-वृत्ति और स्वेच्छाचारिता के बावजूद श्रीलंकन राजपरिवार को कितना पसंद करते हैं? यह एक ऐसा यक्ष प्रश्न है, जिसका उत्तर 21 सितंबर से पहले नहीं मिल सकता। पिछले दो दशकों से श्रीलंका में सता की चाबी राजपक्षे परिवार के हाथों में है। सन 2004 में प्रेसीडेंट चंद्रिका कुमारतुंगा ने महिंदा को पहले-पहल पीएम बनाया था। उसके साल भर बाद महिंदा राष्ट्रपति बने और सन् 2015 तक पदासीन रहे। तीन साल बाद उनका सितारा फिर चमका और सन 2019 से 2022 तक वह फिर पीएम रहे। कोरोना काल के बाद सन 2022 उनके लिये अपशकुनी सिद्ध हुआ। अरागलिया विद्रोह ने राजपक्षे परिवार के पाँवों तले से जमीन खींच ली। एकबारगी लगा कि महिंदा पलायन को बाध्य होंगे, लेकिन कूचे से बेआबरू होकर निकलने की अटकलों-आशंकाओं के बीच उन्हें पूर्वोत्तर प्रांत के नौसैनिक अड्डे त्रिंकोमाली में मुकम्मल सुरक्षा मिल गयी। राजपक्षे घराना फौजी हिफाजत में तबसे वहीं रह रहा है। श्रीलंका में चीन की रुचि और भारत की चौतरफा घेराबंदी की उसकी कोशिशें किसी से छिपी नहीं हैं। कुछ भी पहले हंबनटोटा बंदरगाह सुर्खियों में था। चीन से राजपक्षे का मोह अभी भी कायम है। 27 जून, 2024 को महिंदा चीन की चार दिवसीय यात्रा पर गये। जाहिर तौर पर वह चीन के विदेश मंत्री वांग के न्यौते पर बीजिंग गये थे। मकसद था पंचशील की 70वीं वर्षगांठ पर समारोह में शिरकत। वहां वह चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग से मिले। तदंतर उनकी चीनी प्रधानमंत्री ली छियांग से ऋण पुनर्गठन मसौदे पर भी चर्चा हुई। कहना कठिन है कि महिंदा और चीनी नेताओं के बीच चुनाव और भावी राजनीति को लेकर क्या खिचड़ी पकी, लेकिन इस बाबत महिंदा की चुप्पी अटकलें उपजाती हैं। अपने एकाधिक श्रीलंका प्रवास में मैंने पाया कि भारत और श्रीलंका के रिश्ते गर्भनाल सरीखे हैं। जातीय और सांस्कृतिक संदर्भ भारत-श्रीलंका मैत्री को दृढ़ आधार प्रदान करते हैं। भारत के लिये श्रीलंका का अतिरिक्त सामरिक महत्व भी है। भारत ने भयावह वित्तीय संकट ? का सामना करने में कोलंबो की भरपूर मदद की है। सारे घटना पर भारत की पैनी निगाह है। यही वजह है कि भारत के विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने कोलंबो जाने पर महिंदा राजपक्षे से मुलाकात और चर्चा की। बात यहीं खत्म नहीं होती। चार फरवरी, 24 को जनता विमुक्ति पेरामुना के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके, वरिष्ठ एमपी विजिता हेराथ, सचिव निहाल अबेसिंघे और कार्यकारी समिति के सदस्य प्रोफेसर अनिल जयंता दिल्ली आये ।

# बड़ी चुनौती साफ सुथरी सरकार की

**अजीत द्विवेदी**

जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तीन चरण में होने वाले मतदान के पहले चरण की अधिसूचना जारी हो गई है और नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके साथ ही आतंकवादियों की ओर से चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने के प्रयास भी चल रहे हैं। चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से एक दिन पहले यानी 19 अगस्त को आतंकवादियों ने अपेक्षाकृत शांत और सुरक्षित माने जाने वाले उधमपुर इलाके में सुरक्षा बलों पर हमला कर दिया, जिसमें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यानी सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। असल में इस साल अप्रैल, मई में हुए लोकसभा चुनावों में जम्मू कश्मीर के लोगों के खुल कर शामिल होने और जम कर मतदान करने की परिघटना ने आतंकवादियों और सीमा पार बैठे उनके आकाओं को असहज कर दिया है। वे समझ नहीं पाए कि क्यों इतनी बड़ी संख्या में लोग चुनाव प्रक्रिया में शामिल हो रहे हैं। राज्य की सभी पांच लोकसभा सीटों पर औसतन 50 फीसदी से ज्यादा मतदान हुआ, जो एक रिकॉर्ड है। तभी लोकसभा चुनाव के बाद से ही सुरक्षा बलों पर हमले में तेजी आई, खासतौर से जम्मू के इलाके में, जिसे आमतौर पर शांत और सुरक्षित माना जाता है। अकेले जुलाई के महीने में सुरक्षा बलों पर 10 बड़े हमले हुए हैं, जिनमें कैप्टेन रैंक के अधिकारियों सहित कुल 15 जवान शहीद हुए। अगस्त में भी एक हफ्ते के अंतराल पर दो हमले हुए, जिसमें सेना के एक कैप्टेन और सीआरपीएफ के एक इंस्पेक्टर शहीद हो गए। ये हमले अनायास या अचानक नहीं हो रहे हैं। इनके पीछे किसी बड़ी साजिश की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। तभी आशंका जताई जा रही है कि विधानसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों और आम नागरिकों को भी निशाना बनाने वाले हमलों में बढ़ोतरी हो सकती है। इस लिहाज से चुनाव प्रक्रिया में सुरक्षा सबसे बड़ी चुनौती है। चुनाव आयोग, राज्य प्रशासन और सुरक्षा बलों को हर स्थिति में नागरिकों को सुरक्षा मुहैया करानी होगी और उनके मन में सुरक्षा की धारणा पुख्ता करनी होगी ताकि वे खुल कर चुनावी प्रक्रिया में शामिल हों। चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का मतलब है कि बढ़ चढ़ कर चुनाव लड़ने वाले सामने आएं और मतदान करने के लिए भी लोग बेखौफ होकर निकलें। लोकसभा चुनाव से ज्यादा मतदान विधानसभा में हो तभी चुनाव आयोग की सफलता मानी जाएगी। साथ ही यह भी सुनिश्चित करना होगा कि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष हों। इसमें किसी तरह की गड़बड़ी की खबरों से लोगों का भरोसा टूटेगा और सारी कवायद विफल हो जाएगी। जम्मू कश्मीर में चुनाव की दूसरी चुनौती सनातन है। लम्बे समय से वहां स्थिर और पूर्ण बहुमत वाली सरकार नहीं बनी है। हर बार गठबंधन की सरकार बनती है क्योंकि चुनाव हमेशा बहुकोणीय होता है, जिसमें किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिलता है। इस बार भी चुनाव से पहले राजनीतिक परिदृश्य पूरी तरह से बंटा हुआ दिख रहा है। पांच साल पहले जम्मू कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले के बाद पार्टियों में जो राजनीतिक एकता दिखी थी वह पांच साल में समाप्त हो गई है। गुपकर एलांयस नाम की कोई चीज अब मौजूद नहीं है। नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी और कांग्रेस तीनों अलग अलग ताल ठोंक रहे हैं, जिन्होंने नवंबर 2018 में साथ मिल कर सरकार बनाने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इनके अलावा सज्जाद लोन की %पीपुल्स कॉन्फ्रेंस', गुलाम नबी आजाद की प्रोग्रेसिव डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी और अल्ताफ बुखारी की %अपनी पार्टी' की भी तैयारी है। भाजपा जो पिछली बार दूसरी सबसे बड़ी पार्टी बन कर उभरी थी वह ज्यादा बड़ी तैयारी के साथ चुनाव में उतरेगी। इस बहुकोणीय मुकाबले में किसी पार्टी के लिए बहुमत हासिल करना मुश्किल प्रतीत होता है। त्रिशंकु विधानसभा में कैसी सरकार बनेगी और वह कितनी स्थिर होगा और लोगों का कितना भला कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी। तीसरी चुनौती अलगाववादी ताकतों से है। लोकसभा चुनाव में बारामूला लोकसभा सीट के नतीजे से इस खतरे की आशंका स्पष्ट दिख रही है। निर्दलीय उम्मीदवार इंजीनियर शेख राशिद ने इस सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक उमर अब्दुल्ला को हरा दिया। वह भी तब जबकि शेख राशिद दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्होंने जेल से चुनाव लड़ा और उनके दो बेटों ने चुनाव की कमान संभाली। शेख राशिद उग्र अलगाववादी विचारों के हैं और इसलिए जेल में बंद हैं। बारामूला लोकसभा सीट पर लोगों ने उदार और लोकतांत्रिक उमर अब्दुल्ला की बजाय उग्र और अलगाववादी विचार वाले शेख राशिद को चुना। राशिद को 45.70 फीसदी वोट मिले, जबकि उमर अब्दुल्ला सिर्फ 25 फीसदी वोट हासिल कर पाए। यानी राशिद ने उनको 20 फीसदी के बड़े अंतर से हराया। जम्मू कश्मीर पीपुल्स कॉन्फ्रेंस के सज्जाद लोन भी इस सीट से चुनाव लड़े थे और उनको भी 17 फीसदी के करीब वोट मिला था। सो, मुख्यधारा की पार्टियों के बरक्स छोटी व नई पार्टियों और अलगाववादी विचारों वाले निर्दलीय उम्मीदवार को मिला समर्थन विधानसभा चुनाव के लिए एक नई चुनौती का संकेत है। यह समझने वाली बात है कि लोकसभा चुनाव में जो उत्साह दिखा है, खास कर घाटी के इलाके में वह कहीं अलगाववादी ताकतों की वजह से तो नहीं है? विधानसभा चुनाव में इस प्रवृत्ति पर नजर रखने और इसे रोकने की कोशिश होनी चाहिए।

# जनधन:भारत की डिजिटल वित्तीय क्रांति सशक्तीकरण के 10 साल और भविष्य

**श्री नितेश रंजन**

प्रधानमंत्री जनधन योजना (पीएमजेडीवाई) दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहल की आज 10वीं वर्षगांठ है। यह एक बुनियादी समावेशन परियोजना है जिसे हमारे माननीय प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 2014 में सरकार द्वारा शुरू किया गया था। जनधन योजना ने अर्थव्यवस्था में वित्तीयकरण, औपचारिकरण और डिजिटलीकरण के उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायता की है। आज जबकि 53 करोड़ से अधिक जनधन बैंक खाते खोले जा चुके हैं भारतीय अर्थव्यवस्था में लगभग 80त्न वयस्कों का किसी बैंक या किसी वित्तीय संस्थान में खाता है। यह 2500 अमेरिकी डॉलर के बराबर प्रति व्यक्ति आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए वैश्विक मानदंडों की तुलना में कहीं अधिक है। बैंक खाते खोले जाने से महिलाओं (जनधन खातों में 55त्न हिस्सेदारी) के साथ-साथ पिरामिड के निचले हिस्से के लोगों को भी सशक्त बनाने में मदद मिली क्योंकि सरकार ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के हिस्से की सब्सिडी बिना किसी लीकेज के सीधे उन्हें प्रदान करने के लिए प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) का उपयोग किया।भारत ने तीन महत्वपूर्ण आयामों को एक साथ जोड़कर अपनी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यनीति को सावधानीपूर्वक तैयार किया जिससे यह संभव हुआ जैसे कि जैम ट्रिनिटी और बैंक खाता (जनधन) इस ट्रिनिटी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, इसके अतिरिक्त डिजिटल पहचान (आधार) और मोबाइल नंबर भी इसका हिस्सा हैं। डीबीटी के उपयोग के माध्यम से इसने राजकोषीय बचत को बढ़ावा दिया। मार्च, 2023 तक संचयी बचत



रुपए 3.5 लाख करोड़ होने का अनुमान है क्योंकि सरकार लगभग रुपए 7 लाख करोड़ सालाना अंतरित करती है। बैंक रहित लोगों के पास अब बैंक खाते तक पहुँच है और उन्हें नि:शुल्क रूपे कार्ड प्रदान किया गया है जिससे अर्थव्यवस्था में नकदी के कम उपयोग को बढ़ावा देने में सहायता मिली है। डीबीटी के 65त्न से अधिक लाभार्थी ग्रामीण क्षेत्रों से हैं जिससे वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में जनधन द्वारा निभाई गई भूमिका का संकेत मिलता है। जनधन की शुरुआत के दो साल बाद, अप्रैल, 2016 में भारत में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस या यूपीआई नामक एक तत्काल भुगतान प्रणाली की शुरुआत की गई जिसने खुदरा डिजिटल भुगतानों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान में यूपीआई के माध्यम से 1200 करोड़ मासिक डिजिटल भुगतान लेनदेन ने इसे विश्व स्तर पर मान्यता प्रदान की है। भुगतान/वित्तीय लेनदेन के मामले में यूपीआई क्रांति के लिए बुनियाद तैयार करके इसमें जनधन ने प्रमुख भूमिका निभाई है। जनधन और यूपीआई ने मिलकर एक डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना के निर्माण का बढ़ावा दिया है जो डेटा एक्सेस या अंतर-संचालनीयता के विस्तारीकरण बनाने में सहायता प्रदान करता है जिसका लाभ वित्तीय संस्थानों द्वारा छोटे टिकट की उधारी की ऋण हामीदारी के लिए लिया जा सकता है। इसने फिनटेक जगत में नवोन्मेषिता को भी बढ़ावा दिया है क्योंकि वे वित्तीय समावेशन को बढ़ाने में सहायता प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर 2014 में जनधन से शुरू हुए सुधार उसके बाद 2016 में यूपीआई और फिर 2017 में जीएसटी ने भारत को विश्व में सबसे बड़ा निजी डेटा-कैश वाला डेटा संपन्न देश बनाने में सहायता प्रदान की है जिसने एआई क्रांति को सशक्त किया है।

## आगे की राह?

भारत, वर्तमान में विश्व में डिजिटल क्रांति का नेतृत्व कर रहा है डिजिटल अर्थव्यवस्था में सबसे तेज़ वृद्धि उचित इकोसिस्टम के माध्यम से प्राप्त हुई है जिसकी नींव 2014 में जनधन सुधार के माध्यम से रखी गई थी। इस डिजिटल वित्तीय इकोसिस्टम में नवीनतम जुड़ाव यूएलआई (यूनिफाइड लेंडिंग इंटरफ़ेस) है जो विशेष रूप से ग्रामीण और छोटे उधारकर्ताओं को जिनकी ऋण मांग अभी भी पूरी नहीं हुई है उन्हें परेशानी रहित ऋण प्रदान करता है। यह कृषि, एमएसएमई आदि के क्षेत्र में छोटे उधारकर्ताओं के लिए एक वित्तीय क्रांति होगी। भूमि रिकॉर्ड, इकाई का पंजीकरण, सी-केवाईसी, क्रेडिट इतिहास, वित्तीय पण्यावर्त आदि जैसे बेहतर डिजिटल रिकॉर्ड वित्तीय संस्थानों की परिचालन लागत को कम करने के साथ-साथ निर्धारित समय अवधि और मानवीय भूल को कम कर देंगे। आरबीआई गवर्नर के अनुसार, जैम-यूपीआई-यूएलआई की 'नई ट्रिनिटी' भारत की डिजिटल अवसंरचना यात्रा में एक क्रांतिकारी कदम होगी। बैंकिंग प्रणाली, पिरामिड के निचले हिस्से में लोगों हेतु छोटे-टिकट वाले उत्पादों के प्रावधान के माध्यम से बड़े पैमाने की अर्थव्यवस्था को प्राप्त करके उल्लेखनीय वृद्धि कर सकती है। हम डीबीटी प्राप्तियों के आधार पर क्रेडिट इतिहास/क्षमता के साथ सूक्ष्म-ऋण, माइक्रो-इंश्योरेंस (जीवन, सामान्य और स्वास्थ्य बीमा के लिए पृथक और एक साथ) के साथ-साथ कम मूल्य के सुनियोजित निवेश योजना (एसआईपी) के माध्यम से सूक्ष्म-निवेश विकल्पों, सरकारी बॉन्ड में प्रत्यक्ष खुदरा भागीदारी के लिए आरबीआई के पोर्टल के माध्यम से कम टिकट निवेश जैसे उत्पादों पर विचार कर सकते हैं। बैंकों के लिए, बाद वाले विकल्प विभिन्न निवेश विकल्पों को ढूढ़ने के इच्छुक युवा आबादी की बढ़ती आकांक्षाओं को समझने का एक सुनहरा अवसर हो सकता है। निष्कर्ष के तौर पर जनधन के कार्यान्वयन के एक दशक बाद ये सुधार डिजिटल वित्त क्रांति को बढ़ावा देकर विकसित भारतञ्च2047 बनने की दिशा में भारतीय अर्थव्यवस्था के मार्ग को निरंतर प्रशस्त कर रहा है। जनधन इस बात का उदाहरण है कि देश के लिए एक सुविचारित दृष्टिकोण लोगों और समाज को कितना प्रभावित कर सकता है। 'सभी के लिए बैंक खाता' के उद्देश्य से जनधन अब भारत के लिए एक वित्तीय और डिजिटल क्रांति का रूप ले रहा है।

# पार्श्वनाथ कथा : इंसान में जीव के मोह जागृत रहेंगे, उन्हे सत्य-असत्य नजर आता रहेगा : मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज

## जिन धर्म सेविका श्रीमती सुशीला पाटनी (आरके मार्बल) का व्रत गुण शीला उपाधि से हुआ सम्मान



**जयपुर (विश्व परिवार)।** राजधानी में पहली बार चातुर्मास कर रहे आचार्य विद्या सागर महाराज के शिष्य अर्हं ध्यान योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज महाराज ससंघ के सानिध्य में मानसरोवर के मीरा मार्ग स्थित आदिनाथ भवन में चल रही पार्श्वनाथ कथा के दौरान गुरुवार को मुनि श्री ने अपने आशीर्वचन देते हुए कहा की व्रत और शील से जो युक्त होता है वो ही सम्मान पाने के लायक होते है। बारह भावनाओं के मर्म को समझाते हुए मुनि श्री ने कहा कि इंसान में जब तक जीव के मोह जागृत रहेंगे, उन्हे सत्य-असत्य नजर आता रहेगा, दुख देने वाले सुख देने वाले लगते है, अहितकारी-हितकारी नजर आने लगते है। सिर्फ निर्गंथ गुरु और जिनवाणी सत्य सुना सकती है। बारह भावनाओं में आज छः भावनाएं अनित्य-अशरण, संसार, एकत्व, अन्यत्व एवं अशुचि भावनाओं पर आशीर्वचन दिए।

मंत्री राजेंद्र कुमार सेठी ने जानकारी देते हुए बताया की गुरुवार को पार्श्वनाथ कथा का शुभारभ जिन धर्म सेविका और व्रत श्रेष्ठी सुशीला पाटनी (आर के मार्बल) द्वारा चित्र अनावरण, दीप प्रवज्जलन, पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट कर किया गया। इस दौरान महिला जागृति परिषद की अध्यक्षा सुशीला रावंका और मंत्री रश्मि सांगानेरिया सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा जिन धर्म सेविका सुशीला पाटनी का दुप्पटा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। इस मौके पर संरक्षक निशा पहाड़िया द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया और पंडित शीतल प्रसाद, समाजश्रेष्ठी नन्द किशोर प्रमोद पहाड़िया द्वारा व्रत गुण शीला की उपाधि का प्रशस्ति चिन्ह भेंट किया गया।

कोषाध्यक्ष लोकेंद्र जैन राजभवन वाले ने बताया कि जैन धर्म में दशलक्षण पर्व अति महत्वपूर्ण स्थान रखता है, यह दशलक्षण पर्व 8 सितंबर से प्रारंभ होकर 17 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर संपन्न होगे, चौदस और पूर्णिमा एक तिथि होने पर दोनो पर्व 17 को ही संपन्न होगे, इसके पश्चात जैन धर्म के प्रमुख सिद्धांत जिओ और जीने दो चरितार्थ करने वाला सबसे महत्वपूर्ण पर्व क्षमावाणी 18 सितंबर को अर्हं ध्यान योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ सानिध्य में मनाया जायेगा। दस दिवसीय दशलक्षण पर्व के दौरान प्रतिदिन प्रातः 5 बजे योग साधना, 6 बजे से 7 बजे तक मुनि प्रणम्य सागर महाराज के प्रवचन, 7 बजे से श्रीजी का कलशाभिषेक, शांतिधारा एवं दशलक्षण पर्व दस धर्मों पर आधारित विधान पूजन, दोपहर 1.30 बजे स्वाध्याय, 4 बजे प्रतिक्रमण, शाम 6 बजे श्रीजी की महामंगल आरती, 7 बजे से 8 बजे तक विद्वानों द्वारा स्वाध्याय और रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन प्रतिदिन दस दिनों तक आयोजित होगे। आयोजन से जुड़े हुए विनोद जैन कोटखावदा एवं अभिषेक जैन बिट्टू ने बताया कि दशलक्षण पर्व के समापन के पश्चात मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ सानिध्य में रविवार 22 सितंबर से जयपुर के समस्त दिगम्बर जैन मंदिरों की दर्शन यात्रा प्रारंभ होगी, इस यात्रा में समाज के श्रद्धालुगण भी सम्मिलित होगे और मंदिरों के दर्शन करेगे। यह यात्रा 10 नवंबर तक आयोजित होगी। पत्रकार वार्ता में मंत्री राजेन्द्र सेठी, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाडा, विनोद जैन कोटखावदा, राकेश गोदिका, राजा बाबू गोधा, अभिषेक जैन बिट्टू, अमन जैन, एडवोकेट राजेश काला, अशोक छाबड़ा, विजय झांझरी, जिनेन्द्र काला सहित बडी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। -**विनोद जैन**

# 251 कुडींये विश्व शांति महायज्ञ में सवा करोड़ मंत्रों के साथ दी आहुतियां, श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान के समापन पर निकली शोभायात्रा



**अशोक नगर (विश्व परिवार)।** श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में पार्श्वनाथ जिनालय मैदान पछाड़ी खेड़ा रोड़ पर नवाचार्य श्री समयसागर जी महाराज एवं मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद से 22अगस्त से प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भ इया एवं नरेश भ इया के निर्देशन में चल रहे आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ की पूर्ण आहूति वृहद मंत्रों के साथ हो गई इस अवसर पर शहर के प्रमुख मार्गों से भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य रजत पालकी यात्रा निकाली गई।

इसके पहले आज श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांतिमहायज्ञ के समापन पर जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भ इया नरेश भ इया के बृहद मंत्रोच्चार के साथ की गई जिसका सौभाग्य जिला पुलिस अधीक्षक एस पी सहाब विनीत कुमार जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल सौरव कुमार अतुल कुमार सिंघई राजेश कुमार राहुल कुमार तारई स्टील परिवार सहित अन्य भक्तों को मिला इस दौरान प्रदीप भइया ने कहा कि सिद्धो की आराधना सिद्धचक्र मंडल के साथ करने के महत्व को समझते हुए आप लोगों ने इस महा आराधना में ध्वजारोहण से ही बड़ चढ़ कर भाग लेते हुऐ अपने पुण्य को भी खूब बढ़ाया।

इस दौरान एस पी विनीत कुमार ने कहा कि मुझे बताया गया आठ दिवसीय विश्व शांति महायज्ञ का समापन है तो मैंने पहले से ही जगत कल्याण की कामना करने के लिए शान्ति धारा करने का मन बना लिया था विश्व शांति के लिए इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि विश्व शांति महायज्ञ में आज वृहद मंत्रों चार के साथ आहूतिया समर्पित की जा रही है ये मंत्र सम्पूर्ण वातावरण को शुद्ध करने काम करते हैं कमेटी संयोजक मनोज रन्नौद ने सभी के प्रति अपनी ऋतगयता ज्ञापित की इस दौरान एस पी विनीत कुमार जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री विजय धुर्रा संजीव भारिल्य संयोजक मनोज रन्नौद उमेश सिघई ने शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया।

**जगत कल्याण की कामना के लिए इस तरह के आयोजन होते रहना चाहिए : एस पी विनीत कुमार**

इस दौरान सबसे पहले सत्रह अर्घो का समर्पण प्रमुख पात्रो दारा किया गया इसके बाद विश्व शांति महायज्ञ में विभिन्न पात्रों द्वारा आहूतिया समर्पित की गई जिसका तीर्थंकर कुंड पर मैन सुन्दरी श्री पाल राजा सुरेशचंद्र सुधीर कुमार सजीवकुमार रिक्कू ओडेर सौ धर्म इन्द्र सुभाष कुमार राहुलकुमार पिपरई धनकुबेर संजीव कुमार मनीष कुमार महावीर टी अरिहंत कुंड पर महायज्ञनायक इंजिनियर अनिल कुमार जैन ध्वजारोहण कर्ता सुरेशचंद्र राजीव कुमार चन्देरी इंसान इन्द्र विनोद कुमार लोकेश कुमार अंकित सन्तूरा सनत इन्द्र कमलेश कुमार सचिन कुमार एन एस महेंद्र इन्द्र प्रमोद कुमार प्रसुन कुमार मंगलदीप गणधरगुंड पर भरत चक्रवर्ती सनत कुमार सौरव सचिन सिंघई बाहुबली मनोज कुमार रन्नौद राजू किराना परिवार ब्रह्म इन्द्र एस के जैन सहित अन्य प्रमुख इन्द्र के साथ सैकड़ों भक्तों ने शहद मंत्रोंकचार के साथ सुरेन्द्र मंत्रों रक्षा मंत्रो विभिन्न मंत्रों से आहूतिया समर्पित की।

**शहर के प्रमुख मार्गो से निकली रजत पालकी :** इसके बाद भगवान जिनेन्द्र देव की भव्य रजत पालकी यात्रा वाई-पास रोड़ सोनी कालोनी पछाड़ी खेड़ा रोड़ गांधी पार्क से वापिस मंडी रोड दुवे कालोनी राणा सशिन्द्र सिंह पार्क पछाड़ी खेड़ा रोड़ होते पार्श्वनाथ मंदिर आई भगवान जिनेन्द्र देव की पालकी का स्थान स्थान पर श्री फल आरती उतार भक्तों ने अपनी श्रद्धा समर्पित की प्रभु की पालकी यात्रा के स्वागत के लिए स्थान स्थान पर रांगोली सजाईं गई थी इस यात्रा में इन्द्र इन्द्राणीयो के साथ ही समाज के प्रमुख जन भगवान की पालकी के साथ नाचते झुमते चल रहे थे। -**विजय धुर्रा**

# जैन भजनों की प्रसिद्ध गायिका शताब्दी ढ़ेलडिया का चमत्कारी जैन दादाबाड़ी में बहुमान



**जैन श्रीसंघ की समर्पित सेवा प्रत्यर्थ विजय कांकरिया का अभिनंदन पर्युषण महापर्व पर आठ दिवस श्री सीमंधर स्वामी पूजन व रात्रि प्रभु भक्ति व इक्तिसा जाप**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में 21 दिवसीय दादागुरुदेव इक्तिसा जाप में गुरुभक्ति की अविरल धारा में श्रद्धालुओं को सराबोर करने वाली भजन गायिका श्रीमति शताब्दी ढ़ेलडिया का भैरव सोसायटी श्रीसंघ, सीमंधर महिला मण्डल व विमल महिला मण्डल द्वारा बहुमान किया गया। समारोह में जैन श्रीसंघ की अनेक वर्षों से सतत समर्पित निःस्वार्थ सेवा करने प्रत्यर्थ श्री ऋषभदेव जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री विजय कांकरिया का बहुमान किया गया। गुरुभक्ति समारोह में ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद, महासचिव महेन्द्र कोचर, ट्रस्टीगण नीलेश गोलछा, जय सांखला, योगेश बंगानी, श्रीमती मंजू कोठारी, ममता सुराना ने तिलक, मोतियों की माला, शॉल श्रीफल से विजय कांकरिया व श्रीमती ढ़ेलडिया का अभिनन्दन किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने जैनम जयति शासनम का उदघोष किया। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि जैन धर्म का पर्वाधिराज पर्युषण महापर्व 31 अगस्त से 7 सितंबर तक श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी में धूमधाम से मनाया जाएगा। वर्तमान काल में महाविदेह क्षेत्र में विराजमान श्री सीमंधर स्वामी की प्रतिमा, श्री सुमति नाथ जी, श्री पार्श्वनाथ जी, श्री महावीर स्वामी, गौतम स्वामी जी व चारों दादागुरुदेव की प्रतिमाओं की मनमोहक आंगी बनाई जावेगी। प्रातः 5 बजे मंदिर जी के पट खोले जाएंगे, परमात्मा के जन्मकल्याणक की स्नात्र पूजा, अष्टप्रकारी पूजा, परमात्मा की नवांगी पूजा, चैत्यवन्दन होगा। विश्व में एकमात्र जैन धर्म में ही कोई भी श्रावक श्राविका प्रभु परमात्मा के मूल गंभारे में जाकर मूर्ति को स्पर्श कर पूजन कर सकता है। दोपहर में श्री सीमंधर महिला मण्डल, विमल महिला मण्डल व भैरव सोसायटी श्रीसंघ के भक्तों द्वारा परमात्मा व दादागुरुदेव की मूर्तियों की आंगी सजावट की जावेगी। रात्रि में 8 . 15 बजे से प्रभु भक्ति व दादागुरुदेव इक्तिसा जाप होगा। आरती व मंगल दिवा पश्चात जिनमंदिर के पट मंगल होंगे।

# परमात्मा महावीर स्वामी की बताई हुई अहिंसा की संस्कृति को कौन बचाएगा : मुनिश्री प्रियदर्शी विजय जी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 की प्रवचनमाला जारी है। आज के विशेष प्रवचन में मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी ने कहा कि आज पूरा विश्व विशेष रूप से भारत में मांसाहार का प्रचार जोर-जोर से चल रहा है। स्कूल जाने की शुरुआत करते बच्चों को भी इस तरह की शिक्षा दी जाती है कि उसके मन में मांसाहार के प्रति घृणा के भाव मर जाते हैं। एनसीईआरटी की गणित की पुस्तक में बच्चों को गणित कुछ इस तरह से सिखाया जाता है जिसमें एक मकड़ी के सामने अलग-अलग चार-पांच छिद्र हैं और हर एक छिद्र में अलग-अलग जाति के कीड़ों की कुछ निश्चित संख्या है,बच्चों के सामने है प्रश्न रखा जाता है कि यह बताओ कम से कम छिद्र में से गुजर कर मकड़ी ज्यादा से ज्यादा कीड़ों को कैसे खाएगी?

मुनिश्री ने कहा कि बच्चा 5 से 15 मिनट तक उस गुत्थी को सुलझाने में लग जाता है और तब तक उसके दिमाग में मकड़ी और कीड़े ही घूमते रहते हैं इस तरह का शिक्षण बच्चों के मन पर इस बुरी तरह से असर करता है कि, उसको मांसाहार और शाकाहार मैं भेद भुल जाता है, बड़ी-बड़ी होटल आदि में भी सी फूड आदि के नाम से मिलने वाली चीजों में उसको नॉनवेज की बुद्धि जगती नहीं है। मुनिश्री ने कहा कि शिक्षण की इस अति भयंकर और घिनौनी पद्धति के कारण जब तक मां-बाप जागते हैं और समझते हैं तब तक बालक के मन में रहा हिंदुत्व और जैनत्व नष्ट हो जाता है। जैन धर्म में जहां कंदमूल आदि भोजन का भी निषेध किया गया है वहां आज जैन और हिंदुओं के बच्चे बिना हिचकीचाहट नॉनवेज का आहार करने लग गए हैं। पाश्चात्य देशों में आज जहां मांसाहार को छोड़ा जा रहा है वहीं विश्व की सबसे प्राचीन और शाकाहारी संस्कृत में वह खानपान अपनाया जा रहा है। आज कितने ही चीजों को मूल जो मांसाहार से बनती है उसके आगे वेज लगा करके उसे वेजीटेरियन के नाम से लोग बिना हिचकीचाहट खा रहे हैं। जैसे वेज कबाबज वेज बिरियानी,वेज बार्बेक्यु ,वेज बर्गर, वेज आमलेट।

# श्रद्धा, बुद्धि से परे है लेकिन उसकी विरोधनी नहीं : मुनि श्री शीतल सागर जी महाराज



**जबलपुर (विश्व परिवार)।** संगम कॉलोनी जबलपुर में वर्षायोग कर रहे निर्यापक मुनि प्रसाद सागर जी के संगस्थ साहित्य मनीषी साधक मुनि श्री 108 शीतल सागर जी ने भक्त और भगवान के संबंध को समझाते हुए कहा प्राचीन मंदिरों में दरवाजे बहुत छोटे बनाये जाते थे, उसका कारण है कि त्रिलोकीनाथ के दरबार में झुककर जाना जरूरी है क्योंकि अहंकार को गलाये बिना भगवद्भक्ति का आनंद आ ही नहीं सकता बुद्धि नहीं, हृदय ही वास्तव में भक्ति भावना तथा समर्पण का केन्द्र है। श्रद्धा की अभिव्यक्ति आचरण के माध्यम से ही होती है।

और श्रद्धा जब गहराती है तब वही समर्पण बन जाती है। किसी पवित्र उद्देश्य की पूर्ति के लिये अपने आपको श्रद्धेय के प्रति सौंप देना ही समर्पण है। उदहारण देते हुए मुनि श्री ने बताया सीता, अंजना और मैना-सुन्दरी जैसी महान सतियों का जीवन नारी जगत् के लिये आदर्श है। उनके जीवन में कितनी ही विषम परिस्थितियाँ आई किन्तु उन्होंने धीरज और साहस को नहीं छोड़ा। जंगलों में भटकते हुए भी धर्म तथा कर्मफल पर अटूट आस्था रखी अतः श्वांस-श्वांस में यदि भक्ति और विश्वास जम जाये तो भवसागर से पार होने में देर नहीं, श्रद्धा से अन्धकार में भी जो प्रतीत हो सकता है वह प्रकाश में संभव नहीं, प्रकाश में सुविधा मिल सकती है पर विश्वास नहीं एवं श्रद्धा, आस्था और अनुराग से अभिषिक्त मन में ही भक्ति का जन्म होता है।श्रद्धा का सेतु एक ऐसा सेतु है जो श्रद्धेय और श्रद्धालु की दूरी को पाट देता है। मांगने से नहीं किन्तु अधिकार श्रद्धा से मिलते हैं। इसलिए हम सभी को नित्य प्रतिदिन अपने श्रद्धा गंतव्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। -**आलिंद जैन**

# ट्रायबल म्युजियम छत्तीसगढ़ के जनजातीय गौरव का प्रमुख केन्द्र होगा : विष्णुदेव साय

## मुख्यमंत्री श्री साय ने निर्माणाधीन म्युजियम का किया निरीक्षण



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज नवा रायपुर में आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान के समीप बन रहे 'शहीद वीर नारायण सिंह आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी संग्रहालय' का निरीक्षण किया। छत्तीसगढ़ के आदिवासी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित इस संग्रहालय का निर्माण 45 करोड़ रूपए की लागत से लगभग 10 एकड़ भूमि पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के साथ आदिम जाति विकास मंत्री श्री रामविचार नेताम भी कार्य की प्रगति देखने पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री साय ने संग्रहालय में मूर्तियों, अन्य कलाकृतियों तथा विभिन्न मॉडलों का अवलोकन किया। उन्होंने मूर्तियों का निर्माण कर रहे शिल्पकारों से चर्चा कर उनकी कला के बारे में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस अवसर पर कहा कि ट्रायबल म्युजियम छत्तीसगढ़ के जनजातीय गौरव का एक प्रमुख केन्द्र बनेगा। छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के देश प्रेम की भावना, उनके शौर्य पराक्रम और बलिदानों पर केन्द्रित यह संग्रहालय छत्तीसगढ़ की गौरवशाली विरासत को सहेजने का अनुपम प्रयास है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों को संग्रहालय के कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि संग्रहालय के माध्यम से हमारी युवा पीढ़ी और आने वाली पीढ़ियों को अपने इतिहास को जानने का मौका मिलेगा।

# अतिशय क्षेत्र सिरौंज जी में 1 सितंबर को भव्य आयोजन

**सिरौंज जी (विश्व परिवार)।** श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन सतोदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र सिरौंज जी ( जिला- ललितपुर) में आगामी 1 सितंबर को प्रातः काल भव्य पूजन, शांति धारा, सदस्य एवम दान दातारों का सम्मान समारोह, वृहद वृक्षारोपण का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त जानकारी क्षेत्र के महामंत्री सिं0 श्री मनोज जैन द्वारा प्रदान की गई है। श्री जैन ने प्रबंध समिति की ओर से सभी धर्मानुरागी महानुभावों को इस एक दिवसीय आयोजन में पधारने का आमंत्रण दिया है।

# आत्मकल्याण वर्षावास 2024 : वर्धमान जैन मंदिरः लाभार्थी परिवार ने दादा गुरुदेव की प्रतिमा, अखंड दीपक और कलश की स्थापना

## उत्तम द्रव्यों से भगवान की आराधना न कर सको तो मंदिर की साफ-सफाई ही कर दीजिए : पूज्य पंन्यास श्रमणतिलक विजय जी



**रायपुर (विश्व परिवार)।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान जैन मंदिर के मेघ-सीता भवन में गुरूवार को दादा गुरूदेव की इकतीसा शुरू हुई। मंदिर में सुबह गाजे-बाजे के साथ दादा गुरूदेव की प्रतिमा, अखंड दीपक और कलश की स्थापना की गई। पूज्य पंन्यास श्रमणतिलक विजय जी आदि ठाणा की पावन निश्रा में मंत्रोच्चार के साथ लाभार्थी परिवारों ने गुरूदेव की प्रतिमा, 11 दिनों तक जलने वाले अखंड दीपक और चांदी के कलश की स्थापना की और तोरण लगाया गया। वर्धमान जैन मंदिर में आज दादा गुरूदेव का इकतीसा जाप शुरू हो चुका है जो 8 सितंबर चक चलेगा। इकतीसा जाप के शुभारंभ के अवसर पर दादा गुरुदेव प्रतिमा स्थापना के लाभार्थी जसराज, पुष्पदेवी, ललित कुमार बेगानी परिवार रहे। कलश स्थापना के लाभार्थी निर्मलादेवी, शांतिलाल पिंचा परिवार रहे, अखंड दीपक के लाभार्थी कमलादेवी पुखराज, अनिल कुमार, संध्या देवी लोढ़ा परिवार रहे। वहीं, तोरण के लाभार्थी इंदरचंद, महावीरचंद कोचर परिवार, शैलेंद्र नगर, रायपुर रहे।

वर्धमान जैन मंदिर में चल रहे आत्मकल्याण वर्षावास 2024 की प्रवचन श्रृंखला में बुधवार को परम पूज्य श्रमणतिलक विजय जी ने 63 शलाका ग्रंथ पर आधारित भगवान महावीर स्वामी जी के जीवन का सार बताते हुए कहा कि चातुर्मास के दौरान हम जीवन जीने और मोक्ष को प्राप्त करने की शिक्षा लेते हैं। इन चार महीना में हमें अपने जीवन को धन्य कर लेना है, आत्मा को पुण्य बनाना है। जबकि आज लोग इसके उलट काम करते हैं, भगवान का स्थान मंदिर में होना चाहिए तो आज उन्हें मोबाइल में लाकर बैठा दिया गया है, यह भगवान के लिए बहुत ही नीचे का स्थान है, ऐसा नहीं करना चाहिए।

मुनिश्री ने आगे कहा कि आज लोग मंदिर में भगवान को चॉकलेट चढ़ाते हैं यह हमारी ही डीवैल्युएशन हो रही है। जब आप किसी के घर जाते हैं तो क्या आप उन्हें चॉकलेट देते हैं। बच्चों को चॉकलेट दे दिया तो यह चलता है लेकिन क्या बड़े बुजुर्गों को आप चॉकलेट देना पसंद करेंगे। आपको भगवान को चावल चढ़ाना चाहिए, दूध चढ़ाना चाहिए जबकि लोग चढ़ाते तो हैं लेकिन कितना सा चावल, एक मुट्ठी भर भी नहीं। दूध भी एक लोटे के बराबर नहीं होता और ऊपर से उसमें पानी मिला देते हैं। आपको उत्तम पदार्थ से भगवान की भक्ति करनी चाहिए। लोग आज घूमते-फिरते खाली हाथ मंदिर चले जाते हैं और भगवान से अपने स्वार्थ की चीजें मांगते हैं। इसके साथ ही वह मंदिर में रखे पदार्थ से ही भगवान का अभिषेक-पूजन करके वापस आ जाते हैं। जबकि आपको खुद के द्रव्य से पूजा करनी चाहिए जितनी शक्ति है उतना द्रव्य लगाइए। यदि द्रव्य लगाने की शक्ति नहीं है तो मंदिर की साफ सफाई कर लीजिए, भगवान के दर्शन करने आने वाले लोगों को आप माला गूंथ कर दीजिए। जब भगवान के लिए हमारे अंदर भाव ही नहीं होगा तो भगवान भी हमारी मदद नहीं कर पाएंगे। श्री मेघराज बेगानी धार्मिक एवं परमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री धर्मराज जी बेगानी और आत्मकल्याण वर्षावास समिति के अध्यक्ष अजय कानूगा ने बताया कि न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान जैन मंदिर में आत्मकल्याण वर्षावास 2024 के अंतर्गत चल रहे प्रवचन श्रृंखला में भगवान महावीर के जीवन को सूक्ष्मता से जानने का अवसर मिल रहा है।

# दीक्षा पूर्व अभिनंदन समारोह तीन दिवसीय कार्यक्रम के साथ संपन्न 6 सितंबर 2024 को पारसोला में होगी दो भव्य दीक्षाएं





**पारसोला (विश्व परिवार)।** पंचम पट्टाघीश वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज संघ सहित पारसोला में विराजित है ।आचार्य श्री वर्धमान सागर जी द्वारा आगामी 6 सितंबर को दाहोद मुंबई निवासी सात प्रतिमा धारी प्रदीप जी गांधी एवं धरियावद निवासी ब्रह्मचारिणी सात प्रतिमा धारी शकुंतला देवी की किकावत की पारसोला में दीक्षाएं होगी। दिनांक 27 अगस्त को घरियाबाद में दिगम्बर महावीर जैन मंदिर में महिलाओं द्वारा 24 भगवानों का स्तवन किया गया। 28 अगस्त को दीक्षार्थी शकुंतला देवी की बिनोरी शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई शोभायात्रा का समापन श्री चंद्र प्रभु जिनालय परिसर में हुआ । गुणानुवाद सभा में दीक्षार्थी शकुंतला देवी ने बताया दीक्षा की प्रेरणा उन्हें अपने पति से मिली क्योंकि उन्होंने भी मुनि दीक्षा ली थी,पूर्व जन्म के संचित पुण्य से दीक्षा के भाव परिणाम होते हैं। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त संहितासुरी श्री पंडित हंसमुख जी शास्त्री ने भी दीक्षा देखने और अनुमोदना करने की प्रेरणा दी। ब्रह्मचारिणी वीणा दीदी ने बताया कि दीक्षा राग से वैराग्य की ओर जाने का कदम है ।पुत्र राकेश ने दीक्षार्थी की भावना कीअनुमोदना की। इस अवसर पर बागड़ मेवाड़ नरसिंहपुरा समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी लाल भी उपस्थित रहे । घरियाबाद समाज के सभी सेठ पंच आसपास के अनेक नगरों के समाजजन ने उपस्थित होकर दीक्षा के भावों की अनुमोदना की ।29 अगस्त को दोपहर में दीक्षार्थी को नगर से विदाई दी गई। 20वीं सदी की अक्षुण्ण आचार्य परम्परा के पंचम पट्टाचार्य 108 श्री वर्धमान सागर महाराज जी के संघस्थ 71 वर्षीय 7 व्रतप्रतिमा धारी ब्रह्मचारी प्रदीप भैया दाहोद एवम 7 व्रतप्रतिमा धारी ब्रह्मचारिणी शकुंतला किकावत धरियावद की भव्य जैनेश्वरी दीक्षा दिनाँक 6/09/24 को वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी महाराज के सिद्ध हस्त करकमलों से श्यामा वाटिका पारसोला में संपन्न होगी 7 जिसके अंतर्गत दिनाँक 5/09/24 को करपात्र आहार एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठान आचार्य संघ के सानिध्य में संपन्न होगा ।अध्यक्ष जयंतीलाल कोठारी दिगम्बर जैन समाज एवम अध्यक्ष ऋषभ कुमार पचोरी चातुर्मास समिति ने कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

**गौरवशाली साधु परंपरा :** ब्रह्मचारी गज्जू भैया एवं राजेश पंचोलिया ने बताया कि आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने पारसोला में ही 1990 में आचार्य पद प्राप्त करने के बाद सन 1990 में प्रथम मुनि दीक्षा श्री ओम सागर जी को तथा प्रथम आर्यिका दीक्षा श्री वैराग्य मति माताजी को दी। इसके बाद इसी वर्ष मुकुट सप्तमी इसी माह में आर्यिका श्री तपनमति माताजी को दीक्षा दी ।अब 6 सितंबर 2024 को दीक्षाएं होगी।

**दीक्षार्थियों के परिवार का गौरवशाली साधु इतिहास :** 71 वर्षीय ब्रह्मचारी प्रदीप भैया की जन्म नगरी दाहोद में दीक्षा पूर्व अभिनंदन समारोह दो दिवसीय 31 अगस्त एवं 1 सितंबर को आयोजित किया गया है आपके ग्रहस्थ अवस्था के सन 1918 में जन्मे पिता पन्नालाल जी ने मुनि श्री दयासागर जी से सन 1983 में क्षुल्लक दीक्षा लेकर क्षुल्लक श्री समाधि सागर जी बने आपकी समाधि सन 1984 दाहोद में हुई। आपकी माता सन 1921 में जन्मी श्रीमती शांति देवी ने आचार्य श्री वर्धमान सागर जी से क्षुल्लिका दीक्षा 9 मार्च 2001 को घरियाबाद में तथा आर्यिका दीक्षा 8 अक्टूबर 2003 को भिंडर में ली ।आपकी समाधि सन 2003 भिंडर में हुई। सन 1956 में जन्मी छोटी बहन हंसा बहन ने मुनि श्री दयासागर जी से 1 जनवरी 1982 को आर्यिका दीक्षा लेकर आ श्री सुवैभव मति बनी ।आपकी समाधि वर्ष 2006 बेंगलुरु में हुई। इसी प्रकार ब्रह्मचारिणी शकुंतला देवी के ग्रहस्थ अवस्था के पति इंद्रमल किकावत ने भी आचार्य श्री वर्धमान सागर जी से मुनि दीक्षा लेकर मुनि महाराज बने थे। इसके पूर्व 74 वर्षीय 56 वर्षों से संयम साधनारत आचार्य श्री वर्धमान सागर जी ने अभी तक 37 मुनि,43 आर्यिका ,1 ऐलक, 14 क्षुल्लक तथा 13 क्षुल्लिका कुल 108 भव्य प्राणियों को जेनेश्वरी दीक्षा प्रदान की है। -**राजेश पंचोलिया**

## संक्षिप्त समाचार

### शराब पीने के लिए मांगे पैसे नही मिले तो कर दी पिटाई

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले के चिखली चौकी क्षेत्र में शराब के लिए पैसे नही देने पर एक बदमाश ने अपने दो दोस्तों के साथ मिलकर एक युवक की पिटाई कर जान से मारने की धमकी दी। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरापियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी आदतन बदमाश है जिसके विरूद्ध हत्या, हत्या का प्रयास,आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट, मारपीट अनेक मामले दर्ज है। मिली जानकारी के अनुसार एक युवन ने चौकी चिखली उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 14 अगस्त को गांव के पान ठेला मे पान खाने गया था तभी चिखली का नागेश साहू अपने दो दोस्त के साथ आया और डरा धमका कर शराब पीने के लिए अवैध रूप से रूपये पैसो की मांग करने लगा। मना करने पर तीनो एक राय होकर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का, डण्डा से मारपीट कर घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट पर चौकी चिखली मे धारा 296,115,351(2),119(1),3(5) भा.न्या.सं. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर चौकी चिखली स्टाफद्वारा टीम गठीत कर अरोपी की पतासाजी कर विश्वस्त सूचना पर घेराबंदी कर आरोपीनागेश साहू पिता स्व. उत्तम साहू उम्र 20 साल साकिन चिखली स्कुल के सामने वार्ड नं. 06 को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरूद्ध पूर्व मे आर्म्स एक्ट, जुआ एक्ट, मारपीट जैसे कई अपराध दर्ज है आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### चाकू लहराकर आम लोगों का डरा रहा बदमाश गिरफ्तार

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिले की थाना बसंतपुर पुलिस ने थानाक्षेत्र में लोहे का चाकू लेकर आने जाने वाले लोगो को डराने धमकाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चाकू बरामद किया है। मामले में आरोपी के खिलाफधारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना बसंतपुर पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के नंदई रोड कुंआ चौक के पास रोड किनारे एक बदमाश रूपेश गेंड्रे उर्फ मोनु पिता घनश्याम गेंड्रे उम्र 28 साल निवासी नंदई रोड, कुंआ चौक हाथ में धारदार चाकू लेकर आम लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और आरोपी रूपेश को पकड़ा तथा उसके पास से चाकू बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूध आर्म्स एक्ट की धारा 25,27 के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

### कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह ने की जिले में क्रेडा ने संचालित योजनाओं की समीक्षा

**बालोद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण (क्रेडा) की अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में क्रेडा द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने क्रेडा के प्रभारी अधिकारी को क्रेडा के गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्रदान करने हेतु जिले के युवा-युवतियों के लिए कौशल विकास योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण की भी व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। जिससे प्रशिक्षित युवा-युवतियों को स्वरोजगार भी मिल सके। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य ऊर्जा विकास अभिकरण के अंतर्गत जिले में संचालित सौर सुजला योजना के तहत हितग्राहियों को मिले अंश दान तथा वर्षवार स्थापित सोलर पम्पों की संख्या आदि की समीक्षा की। इसके अलावा उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत सोलर ड्यूल पम्प, सोलर हाई मास्ट लाईट, चैक-चैराहे में सोलर हाई मास्ट लाईट के माध्यम से प्रकाश की व्यवस्था, बॉयोगैस कार्यक्रम तथा स्वच्छ भारत मिशन योजना अंतर्गत बॉयोगैस संयत्र, आदि के संबंध में विस्तृत समीक्षा की।

### छुईखदान में भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा निकाली गई

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** भगवान श्रीकृष्ण जी जन्मोत्सव जन्माष्टमी पश्चात 27 अगस्त 2024 मंगलवार को बाजे गाजे आतिशबाजी से भगवान श्रीकृष्ण जी को रथ पर बिठाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कोसरिया यादव समाज द्वारा शोभायात्रा में भगवान श्री कृष्ण जी की विधि विधान से पूजा अर्चना पश्चात शहर के विभिन्न वार्डो , बाजार लाइन , मेन मार्केट आदि में राउत नाच करते , भक्ति गीत गाते, डीजे बजाकर नाचते थिरकते , जय यादव जय माधव नारा लगाते बड़ी संख्या में यादव समाज की उपस्थिति में भ्रमण कर समापन किया गया। राजपरिवार के श्रीमती लतारानी लाल जे के वैष्णव ने शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण जी की पूजा अर्चना की।

# 15 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 13 आंगनबाड़ी केंद्र अपने स्वयं के सुविधायुक्त भवन में हो रहे संचालित

**अभिभावक अपने बच्चों को उत्साह के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों में लेकर आते हैं**



**रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** रामानुजगंज नगर पंचायत रामानुजगंज के 15 वार्डों में संचालित 15 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 13 आंगनबाड़ी केंद्र अपने स्वयं के सुविधायुक्त भवन मे संचालित हो रहे है। नगर के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों को नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की विशेष पहल पर सुविधायुक्त करते हुए उन्हे प्ले स्कूल के रूप में विकसित करने का प्रयास किया गया है। गौरतलब है कि पहले जहां एक ओर अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन किराए के एक कमरे से हुआ करता था वही केंद्र में आने वाले बच्चों की संख्या भी बहुत कम हुआ करती थी, परंतु अब नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की दृढ़ इच्छाशक्ति एवं सतत प्रयास से शहर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन खुद के सुविधायुक्त भवन में होने से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में 25 से 30 बच्चे नियमित रूप से पहुंच रहे हैं मातृशक्ति को मिलने वाली योजनाएं भी अब व्यवस्थित रुप से संचालित होने लगी है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की कड़ी मेहनत एवं बेहतर व्यवस्था के कारण आज बड़ी संख्या में पालक अपने बच्चे को आंगनबाड़ी केंद्र में भेज रहे हैं। तात्कालिक कलेक्टर ने की थी सराहना बलरामपुर रामानुजगंज जिले के तात्कालिन कलेक्टर अवनीश शरण ने अपने कार्यकाल के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष ध्यान दिया था, उन्होंने प्राथमिक शिक्षा के लिए जहा अपनी बेटी को आंगन बाड़ी केंद्र में भेजा वही उनके द्वारा लगातार आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया जाता रहा, उन्होंने रामानुजगंज के आंगनबाड़ी केंद्रों की सराहना भी की थी। सम्भ्रांत घरों सहित अधिकारियों के बच्चे भी पहुंच रहे हैं आंगनबाड़ी केंद्र आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति सुधरी तो यहां नगर के संभ्रांत घरों के बच्चे भी पहुंचने लगे हैं वहीं नगर के कई अधिकारि कर्मचारियों के बच्चे भी आंगनबाड़ी केदो में जा रहे हैं। अभिभावक अपने बच्चों को उत्साह के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों में लेकर आते हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि मेरे कार्यकाल के दौरान नगर में दस आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए भवन स्वीकृत हुए एवं समय सीमा पर सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण पूर्ण हुए। नगर पंचायत के पार्षदों एवं नागरिकों के सहयोग से हम सबका प्रयास रहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र प्ले स्कूल के रूप में विकसित हो एवं छोटे बच्चों को आकर्षित करने के अनुरूप यहां व्यवस्थाएं हम बना सके आज मुझे बहुत खुशी है कि सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चे नियमित रूप से अच्छी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## सीईओ जिला पंचायत ने किया उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच एवं सचिवों का सम्मान

**उन्मुखीकरण कार्यशाला में सम्मानित हुए बालोद विकासखण्ड के 10 सरपंच एवं सचिव**

**बालोद(विश्व परिवार)।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने नवाचार प्रारंभ करते हुए आज जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित उन्मुखीकरण कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले जिले के बालोद विकासखण्ड के 10 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों को सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. संजय कन्नौजे ने कहा कि हमारे सरपंच एवं सचिव एवं जनप्रतिनिधि ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। उन्होंने सरपंच, सचिवों को आगामी त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावो को ध्यान में रखते हुए समस्त निर्माणाधीन एवं अपूर्ण कार्यों को गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने को कहा। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे के निर्देशानुसार बालोद जिला पंचायत द्वारा बालोद विकासखण्ड के 60 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं सचिवों का जिला पंचायत सभाकक्ष में आज उन्मूखीकरण कार्यशाला का आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. कन्नौजे ने सभी सरपंच, सचिवों को महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, एनआरएलएम आदि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के विभिन्न महत्वपूर्ण योजना के लंबित कार्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अपने गांव एवं पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने तथा 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत अनिवार्य रूप से वृक्षारोपण कर उनका समुचित देखभाल करने को कहा। इस दौरान सीईओ डॉ. कन्नौजे ने पंचायत प्रतिनिधयों को उनके अधिकार एवं दायित्वो के संबंध में जानकारी दी। डॉ. कन्नौजे ने पंचायत प्रतिनिधियों को अपने ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत के आय में वृद्धि हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने तथा लोकसेवा गारंटी योजना के तहत ग्राम पंचायतो में 09 प्रकार की सेवाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने को कहा। जिससे ग्रामीणों को अपनी जरूरी कामों को पूरा करने के लिए असुविधा का सामना न करना पड़े।

## कक्षा 9 वीं और 10 वीं के बच्चों को निः शुल्क कोचिंग दे रही जिला प्रशासन

**कोंटा एवं छिंदगढ़ में संचालन हो रही कोचिंग क्लासेस**

**सुकमा(विश्व परिवार)।** जिले में शिक्षा स्तर को बेहतर करने के लिए जिला प्रशासन ने उच्च माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों की शिक्षा पर जोर दिया जा रहा है। स्कूलों में पढ़ने वाले कक्षा 9 वीं और 10वीं के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराने की दिशा में प्रशासन ने एक और अहम पहल की है। विद्यार्थियों को स्कूल में पढ़ने के बाद अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर पढ़ाई कराई जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन ने आंकाक्षी विकासखण्ड कोंटा सहित विकासखण्ड छिंदगढ़ में विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग प्रदान किया जा रहा है। सुकमा जिले के शासकीय अशासकीय स्कूलों में पढ़ने वाले नौवीं और दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों को गणित और विज्ञान विषय की निशुल्क कोचिंग दी जा रही है। कोचिंग के संचालन से आगामी वर्षों में मेडिकल और इंजीनियरिंग क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों को कक्षाओं के साथ ही प्रवेश परीक्षाओं के लिए मदद मिलेगी। निशुल्क ऑनलाइन कोचिंग के लिए विद्यार्थियों की रोजाना क्लास लगाई जा रही है। विकासखण्ड छिंदगढ़ में कन्या हाई स्कूल छिंदगढ़ में सुबह 7 बजे से 9 बजे तक और विकासखण्ड कोंटा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम कोंटा में शाम 5 बजे से 7:30 तक कक्षाएं लगाई जा रही है। सहायक नोडल अधिकारी श्री आशीषराम ने बताया कि प्रशासन के इस अभिनव पहल से बच्चों में गणित अंग्रेजी विज्ञान विषयों के प्रति रुचि बढ़ी है और आगे चलकर बच्चों में गणित विज्ञान संकाय के लिए बहुत सहायक सिद्ध होगा तथा नीट कोचिंग व आईआईटी कोचिंग परीक्षाओं में भी मदद मिलेगी।

## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** शहर के निहारिका क्षेत्र में बीती रात हुए सड़क हादसे में दो युवकों की मृत्यु हो गई। एक तेज रफ्तार कार ने दो बाइक में सवार 5 युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरे ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं इस दुर्घटना में 3 लोग गंभीर रूप से घायल है जिनका अस्पताल में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी अनुसार बीती रात नगर के व्यस्ततम मार्गो में से एक निहारिका मुख्य मार्ग में एक तेज रफ्ताार अनियंत्रित कार ने गरिमा मेडिकल के सामने दो अलग अलग बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। हादसे में एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरे ने अस्पताल में अंतिम सांसे ली। मृतकों का नाम शिवकुमार और मनोज गिरी बताया गया। वहीं दूसरी बाइक में सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस हादसे के बाद मृतकों के परिवार में मातम पसर गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की कार चालक लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहा था। कार की रफ्तार लगभग 80-100 किमी/घंटा रही होगी। इसी बिच उसने नियंत्रण खो दिया और घटना कारित कर दी। हादसे के बाद गुस्साये लोगों ने परिजनों के साथ सीविल लाईन थाने का घेराव कर दिया और कार चालक के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने दुर्घटनाकारित कार को जप्त कर चालक की तलाश शुरु कर दी। कोरबा एसपी ने बताया की घटना के पश्चात आरोपी ने थाने में सरेंडर कर दिया। आरोपी शराब के नशे में वाहन चला रहा था या नही, इसकी पुष्टि के लिए मेडिकल मुलाहिजा कराया गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जावेगी।

## नशीले पदार्थों के अवैध व्यवसायियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक संपन्न

**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के अध्यक्षता जिला कार्यालय के सभा कक्ष में मंगलवार को बैठक आहूत की गयी। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य में स्वापक औषधि एवं मन. प्रभावी व अन्य नशीले पदार्थों के अनाधिकृत व्यवसायियों पर व्यापक एवं प्रभावी नियत्रण हेतु जिला स्तर पर एनसीओआरडी समिति का गठन किया गया है। इस दौरान औषधि निरीक्षक के द्वारा एनसीओआरडी के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए संबंधित विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी दी गयी। कलेक्टर दुदावत के द्वारा मादक पदार्थ गांजा एवं स्वापक मन प्रभावी पदार्थों के अंतर्गत आने पुले नशीली दवाईयों, इंजेक्शन के दुरूपयोग को पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने हेतु सभी थाना क्षेत्रों, विशेषकर जो अन्य राज्य के सीमावती क्षेत्र से लगे हुए उसमें नियमित रूप से सदिग्ध वाहनों की जांच एवं अवैध सधारण या परिवहन करते पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश दिये गये। इसके साथ ही जिले में संचालित सभी मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को नियमानुसार मेडिकल स्टोर के संचालन हेतु एक्ट के सबंध में ट्रेनिंग देने एवं सीसीटीवी कैमरा इंस्टाल करवाने के निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर के द्वारा कोटपा एक्ट के तहत सभी शिक्षण संस्थानों को शीघ्र ही तंबाकू मुक्त संस्थान घोषित किये जाने एवं नशा मुक्ति केन्द्रों में मादक पदार्थों के व्यसन से ग्रसित मरीजों का सुव्यवस्थित काउंसलिंग करते हुये मरीजों के सबंध में समस्त जानकारी संधारण करने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर उपपुलिस अधीक्षक कोण्डागांव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उपसचालक समाज कल्याण विभाग, उपसंचालक कृषि विभाग, औषधि निरीक्षक खाद्य एवं औषधि प्रशासन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भर्रीटोला में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणजनों की समस्याए

**कलेक्टर सहित जिला स्तरीय अधिकारीयों ने ग्रामीणों की समस्याएं, मांगो और शिकायतों को सुना**



**मोहला(विश्व परिवार)।** ग्रामीणजनों की मांगो, शिकायतों और समस्याओं को सुनने के उद्देश्य से ज़िले के मानपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत भर्रीटोला में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के सभी विभाग के द्वारा स्टॉल के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सुना गया। साथ ही शिविर स्थल पर ही विभागीय योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। शिविर में मांगो, शिकायत और समस्याओं से संबंधित कुल 69 आवेदन प्राप्त हुए, आवेदनों के निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित करने के साथ ही संबंधित विभाग को आवेदन प्रेषित करने की कार्यवाही किया गया। शिविर में कलेक्टर श्री एस जयवर्धन, जिला परियोजना निदेशक श्री हेमंत ठाकुर, एसडीएम मानपुर श्री अमित नाथ योगी सहित सभी विभागों के जिला व विकासखण्ड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। शिविर में जनपद पंचायत मानपुर के अध्यक्ष श्री दिनेश शाह मंडावी, उपाध्यक्ष श्रीमती शाहिदा बेगम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती राधिका अंधारे, जनपद पंचायत सदस्य श्रीमति रेणुका टांडिया, सरपंच श्रीमती कुंती उसारे, अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर को संबोधित करते हुए जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री दिनेश शाह मंडावी ने कहा कि शिविर जिला प्रशासन के अधिकारीगण आपकी समस्या को सुनने के लिए उपस्थित हुए है। अधिकारीयों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणजन विभागीय स्टाल में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि इस शिविर के माध्यम से आप अपने समस्याओं का निराकरण करा सकते है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में पहुँचकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कर ग्रामीणों को लाभ पहुंचायें।

## सिकंदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद के मध्य चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

**रायपुर (विश्व परिवार)।** रेल यात्रियो की मांग को ध्यान रखते हुये रेलवे के द्वारा सिकंदराबाद-रक्सौल के मध्य दिनांक 30 सितम्बर, 2024 तक चल रही स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार दिनांक 02 जनवरी, 2025 तक किया गया है। यह गाड़ी प्रत्येक सोमवार को सिकंदराबाद से चलने वाली 07005 सिकंदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार दिनांक 07 अक्टूम्बर से 30 दिसम्बर, 2024 तक किया गया। इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी प्रत्येक गुरुवार को रक्सौल से चलने वाली 07006 रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार दिनांक 10 अक्टूम्बर, 2024 तक किया गया। इस गाड़ी में 02 एसएलआर, 04 सामान्य, 08 स्लीपर, 05 एसी थ्री, 02एसी टू, 01 एसी टू कम एसी थ्री सहित कुल 22 कोच के साथ रवाना होगी।

## भारतीय इस्पात सम्मेलन हुआ शुरू



### टेक्नोक्रेट्स ने नई प्रौद्योगिकियों को शामिल करने और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी के लिए अभिनव तरीके खोजने की आवश्यकता पर दिया जोर

**रायपुर (पीआईबी)।** 'डीकार्बोनाइजेशन और बुनियादी ढांचे के विकास का महत्व और भूमिका' विषय पर केन्द्रित दो दिवसीय भारतीय इस्पात सम्मेलन का उद्घाटन आज महात्मा गांधी कला मंदिर, में किया गया।

भारतीय इस्पात सम्मेलन का औपचारिक रूप से उद्घाटन सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एस्सार मिनमेट प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी और पूर्व निदेशक (तकनीकी-सेल) श्री एस एस मोहंती ने उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कर रहे सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) तथा अध्यक्ष (आईआईएम, भिलाई चैप्टर) श्री अंजनी कुमार, आईआईएम-रायपुर के निदेशक, प्रोफेसर आर के काकानी, आईआईटी, भिलाई के निदेशक, प्रोफेसर राजीव प्रकाश, सीएसवीटीयू के कुलपति डॉ एम के वर्मा, एनआईटी-रायपुर के निदेशक डॉ एन वी रमना राव, आईएसआर इन्फोमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के सीएमडी श्री संतोष महंती, आईआईएम भिलाई चैप्टर के उपाध्यक्ष और सीजीएम इंचार्ज (आयरन-बीएसपी) श्री तापस दासगुप्ता, अध्यक्ष (आईईआई, बीएलसी) श्री पुनीत चौबे भी उपस्थित थे।

आयरन एंड स्टील रिव्यू मैगजीन- कोलकाता, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मेटल्स (आईआईएम), भिलाई चैप्टर और इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) भिलाई सेंटर द्वारा सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के लौह और इस्पात उत्पादकों, देश के विभिन्न हिस्सों में इस्पात निर्माण से संबंधित अनुसंधान और प्रौद्योगिकी संस्थानों के टेक्नोक्रेट, विशेषज्ञ और प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।

मुख्य अतिथि सीएमडी (एस्सार मिनमेट प्राइवेट लिमिटेड) और पूर्व निदेशक (तकनीकी-सेल) श्री एस एस मोहंती ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय इस्पात उद्योग के डीकार्बोनाइजेशन पर शुरुआत से ही चर्चा होती रही है। वास्तव में आज प्रश्न यह है कि डीकार्बोनाइजेशन को किस पैमाने पर हासिल किया जाना है और इस्पात उद्योग में शून्य कार्बन उत्सर्जन की दिशा में क्या चुनौतियाँ हैं। उन्होंने कहा कि हम अपने 70 प्रतिशत से अधिक इस्पात का उत्पादन ब्लास्ट फर्नेस रूट के माध्यम से करते हैं जो ऊर्जा की अधिक खपत करता है तथा पर्यावरण के लिए हानिकारक है। इस्पात उत्पादन वर्ष 2050 तक अधिकतम हो जाएगा, जिससे कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ेगा।

## कृषि यंत्रों एवं प्रौद्योगिकी के विकास से कृषि में आया क्रांतिकारी परिवर्तन : कृषि मंत्री नेताम

### कृषि अभियंताओं के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सह संगोष्ठी का शुभारंभ ● कृषि अभियांत्रिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले अभियंता सम्मानित

**रायपुर (विश्व परिवार)।** कृषि विकास किसान कल्याण मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा है कि कुछ दशक पूर्व किसान खेती में मानवचलित अथवा बैलचलित कृषि यंत्रों और उपकरणों - खुरपी, कुदाली, हल आदि का उपयोग करते थे, लेकिन प्रौद्योगिकी के विकास के कारण आज खेतों में ट्रैक्टर चलित कल्टिवेटर, रोटावेटर, कम्बाइन जैसे आधुनिक कृषि यंत्रों एवं मशीनरी का उपयोग कर रहे हैं। इसके साथ ही अब कृषि में ड्रोन तथा ए.आई. तकनीक का उपयोग भी होने लगा है। कृषि मशीनरी के तकनीकी विकास के कारण कृषि के क्षेत्र में क्रान्तिकारी परिवर्तन आया है। इसके लिए देश के कृषि अभियंता तथा कृषि वैज्ञानिक बधाई के पात्र हैं। कृषि मंत्री श्री नेताम आज यहां इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषक सभागार में आयोजित कृषि अभियंताओं के दो दिवसीय 36वें राष्ट्रीय सम्मेलन सह संगोष्ठी के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने की। इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का आयोजन इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजिनियर्स (इंडिया) छत्तीसगढ़ स्टेट सेन्टर, रायपुर एवं स्वामी विवेकानंद कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, कृषि अभियांत्रिकी संकाय, इंदिरा गांधी कृषि विवि रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश भर से आए कृषि अभियंता शामिल हुए। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत पीपल के पौधों का रोपण किया गया।



सम्मेलन को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री नेताम ने कहा कि ''सतत विकास के लिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सुधार हेतु कृषि अभियंताओं का योगदान'' विषय पर आयोजित इस सगोष्ठी का विषय काफी ज्वलंत, प्रासंगिक एवं सारगर्भित है। उन्होंने कहा कि कृषि के क्षेत्र में आज अनेकों चुनौतियां विद्यमान है। देश आबादी बढ़ रही है, खेती का रकबा घट रहा है और खाद्यान्न की मांग निरंतर बढ़ रही है। जलवायु परिवर्तन के कारण किसान फसल उत्पादन संबंधी अनेक चुनौतियां से जूझ रहे हैं। ऐसे में कृषि अनुसंधान प्रौद्योगिकी विकास तथा कृषि यंत्रीकरण के द्वारा ही इस चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। श्री नेताम ने कहा कि हाल ही में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विभिन्न फसलों की 65 नई जलवायु लचीली फसल प्रजातियों का लोकार्पण किया है जो मौसम की प्रतिकूलताओं में भी अधिक उत्पादन देने में सक्षम हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कृषि अभियंताओं के इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन सह संगोष्ठी के सार्थक परिणाम प्राप्त होंगे। श्री नेताम ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि अभियंताओं द्वारा किये गये नवीन अनुसंधानों एवं प्रौद्योगिकी विकास की सराहना की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने कहा कि भारत में कृषि के क्षेत्र में जो तीन मुख्य कमियां चिन्हित की गई हैं इनमें से कृषि के क्षेत्र में यंत्रों का उपयोग प्रमुख है। पिछले दशकों में कृषि मशीनरी के विकास तथा उपयोग को बढ़ावा मिलने के बावजूद आज भी हमारे देश में कृषि के क्षेत्र में मशीनरी का उपयोग अन्य विकसित देशों की अपेक्षा काफी कम है। उन्होंने कहा कि देश भर में कृषि मशीनरी के डिजाइन तथा तकनीक के विकास का कार्य किया जा रहा है, जिसके सार्थक परिणाम भी प्राप्त हो रहे हैं और आज किसान कृषि यंत्रों का ज्यादा उपयोग करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों एवं कृषि अभियंताओं द्वारा कृषि मशीनरी के प्रौद्योगिकी विकास की दिशा में काफी काम किया गया है और स्थानीय परिस्थितियों एवं किसानों की आवश्यकताओं को देखते हुए अनेक नवीन कृषि यंत्र विकसित किये गये हैं जिनका उपयोग छत्तीसगढ़ के किसान कर रहे हैं।

## जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों का सामना करने के लिए ज्यादा सक्षम होना होगा : रमेन डेका

### राज्यपाल ने मौसम विज्ञान विभाग की कार्यशाला का किया उद्घाटन

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जलवायु परिवर्तन आज विश्व की सबसे बड़ी समस्या है। हमें इसके प्रतिकूल प्रभावों का सामना करने के लिए ज्यादा सक्षम और तैयार होना होगा। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज यहां मौसम विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए उक्त उद्गार व्यक्त किए।



भारत मौसम विज्ञान विभाग इस वर्ष अपनी सेवाओं का 150 वां वर्ष मना रहा है। इस उपलक्ष्य में विभाग के हितधारकों की एक दिवसीय कार्यशाला आज न्यू सर्किट हाउस रायपुर के कन्वेंशन हॉल में आयोजित की गई। जिसका उद्घाटन राज्यपाल श्री रमेन डेका ने किया। इस अवसर पर श्री डेका ने विभाग की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि उनकी अथक सेवाओं के कारण आज हम प्राकृतिक आपदाओं और जलवायु परिवर्तन से जुड़े जोखिमों का बेहतर तरीके से सामना कर पा रहे है।

राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़, फसलों और कृषि पद्धतियों की विविध श्रृंखला वाला एक महत्वपूर्ण कृषि उत्पादक राज्य है, जो दक्षिण में बस्तर पठार से लेकर राज्य के मध्य भाग में महानदी बेसिन के उपजाऊ मैदानों और उत्तरी छत्तीसगढ़ में पहाड़ी क्षेत्र तक भिन्न है। हमारी खेती में मौसम विज्ञान का अत्यधिक महत्वपूर्ण योगदान है। हमारे किसानों को मौसम की सटीक जानकारी से बहुत सहायता मिलती है। छत्तीसगढ़ जैसे कृषि प्रधान राज्य में यह जानकारी अत्यंत उपयोगी है।

## 25 हजार घरों को पीएम सूर्यघर बनाने का लक्ष्य, प्रबंध निदेशक भीमसिंह कंवर ने की समीक्षा

**रायपुर (विश्व परिवार)।** प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में छत्तीसगढ़ के 25 हजार घरों को रोशन करने का लक्ष्य रखा गया है। इन घरों में एक से तीन किलोवाट तक क्षमता के सोलर संयंत्र स्थापित किये जाएंगे, जिससे लोग अपने घर की छतों पर तीन किलोवाट के संयंत्र से हर महीने 300 यूनिट बिजली का उत्पादन कर पाएंगे। इस योजना में 50 हजार से 78 हजार रुपए तक की सब्सिडी सीधे उपभोक्ताओं के खाते में आएगी।



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री भीमसिंह कंवर ने मुख्यालय स्थित सेवाभवन में पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी 18 वृत्तों के अधीक्षण अभियंताओं को निर्देशित किया कि इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें।

भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरआई) ने पीएम सूर्यघर योजना की शुरुआत 13 फरवरी को की थी। उक्त योजना में 1 किलोवाट के संयंत्र पर 30 हजार रुपए, 2 किलोवाट के संयंत्र पर 60 हजार और 3 किलोवाट पर 78 हजार रूपए का केंद्रीय अनुदान प्रदान किया जाएगा।एक किलोवाट सौर संयंत्र से प्रतिदिन 4 यूनिट तक औसत बिजली उत्पादन होगा। तीन किलोवाट में प्रतिदिन 12 यूनिट बिजली पैदा होगी। यदि उपभोक्ता इतनी बिजली खपत नहीं करता तो इसका क्रेडिट से बिल में तय सौलर टैरिफ के अनुसार एडवांस जमा कर दिया जाएगा। उपभोक्ता अपने घर के बिजली मीटर में संबद्ध भार (लोड) के आधार पर उतने ही भार का संयंत्र लगाने के लिए पात्र होगा। इसके लिए पीएमसूर्यघर योजना के पोर्टल या पीएम सूर्यघर मोबाइल एप में जाकर पंजीयन कराना होगा। पंजीयन पूरा होने पर विभाग के अधिकारी मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण करेंगे, जिसके बाद सौर प्लांट को स्वीकृति प्रदान की जाएगी। सोलर प्लांट लगने के बाद अनुदान राशि उपभोक्ता के खाते में हस्तांतरित कर दी जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ में इस वित्तीय वर्ष में 25 हजार उपभोक्ताओं को लाभ देने का लक्ष्य है। पूरे प्रदेश में इस योजना के लिए अभी तक 6368 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

## ऑटोमैटिक सिग्नलिंग सेक्शनों में स्थित समपार फाटकों पर गेट सिग्नल के लिए सिंगल बटन ऑपरेशन

### समपार फाटकों पर सरल ऑपरेशन प्रक्रिया से संरक्षा के साथ ट्रेनों एवं सड़क मार्ग के उपयोगकर्ताओं के समय की होगी बचत

**रेलवे के सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग द्वारा इन हाउस तैयार किए गए इनोवेशन को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के लिए 'सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन' का अवार्ड**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** हाल के वर्षों में ऑटोमैटिक सिग्नलिंग के कार्यान्वयन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और अब यहाँ के कई सेक्शनों में आधुनिक एवं उन्नत सिग्नलिंग सिस्टम लगाए गए हैं।



समपार फाटकों पर पहले प्रत्येक बार सिग्नल देने के लिए प्रत्येक लाइन के लिए दिये गए सिग्नल के बटन को घुमाया जाता था, जिसके कारण ट्रेन संचालन में देरी की संभावना होती थी। गेटमैन के लिए भी यह पारंपरिक सिग्नलिंग बटन और संचालन भी थोड़ा चुनौतीपूर्ण होता था। इन समस्याओं को दूर करने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय के सिग्नल और दूरसंचार विभाग के ड्राइंग और डिजाइन अनुभाग ने प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियंता के नेतृत्व में एक अभूतपूर्व इनोवेशन पेश किया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा इस इनोवेशन को वित्तीय वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही के लिए सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन का प्रथम रैंक प्राप्त हुआ है। इस नए इनोवेशन का उद्देश्य समपार फाटक संचालन में दक्षता बढ़ाना है, जिससे ट्रेन की गति सुगम हो सके और संचालन में देरी न हो। यह प्रणाली दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के उरगा रोड़-कोरबा रेलखंड के 03 समपार फाटकों, कोरबा-कुसमुंडा रेलखंड के 02 समपार फाटकों व भिलाई-भिलाई नगर के 01 समपार फाटक पर लगाई गई है तथा अन्य समपार फाटकों पर इस प्रणाली को लगाने का कार्य प्रगति पर है।

**इस नए सिस्टम से लाभ :** नए सिंगल-बटन ऑपरेशन से ट्रेन संचालन सुचारू और समयबद्ध संपादित होगा। जिससे यात्रा समय में भी बचत सुनिश्चित होगी। ऑपरेशन प्रक्रिया को सरल बनाने से मानवीय त्रुटियों का जोखिम काफी कम हो जाता है। इससे समपार फाटकों के साथ ही ट्रेनों, यात्रियों और सड़क उपयोगकर्ताओं की संरक्षा भी सुनिश्चित होती है। इन हाउस बनाए गए इस सिस्टम को लागू करने के लिए कोई अतिरिक्त लागत भी नहीं लगती हैं। सुव्यवस्थित ऑपरेशन से फाटकों का प्रबंधन अधिक कुशलता से की जा सकती है, जिससे समपार फाटकों पर वाहनों और पैदल चलने वालों के लिए कम व्यवधान और कम प्रतीक्षा समय सुनिश्चित हो सकेगी। सरल प्रक्रिया के साथ गेटमैन गुजरने वाली ट्रेनों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर सकते हैं, जिससे ट्रेनों की संरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। कई लाइनों वाले सेक्शनों में, यह इनोवेशन ट्रैफिक प्रबंधन को आसान बनाएगा, जिससे अधिक ट्रैफिक में समग्र गतिशीलता में सुधार होगा। ट्रेनों से यात्रा करने वाले और समपार फाटक पार करने वाले दोनों को सुगम संचालन और संरक्षा का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी यात्रा अधिक आरामदायक और तनाव-मुक्त होगी।

यह अभिनव समाधान दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे की ट्रेन संचालन की दक्षता और संरक्षा बढ़ाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। समपार फाटकों पर गेट सिग्नल के लिए सिंगल-बटन ऑपरेशन का कार्यान्वयन रेलवे संचालन को आधुनिक बनाने और सभी के लिए एक संरक्षित, समयबद्ध और अधिक विश्वसनीय रेलवे नेटवर्क प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।


## रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने मेजर ध्यानचंद के सम्मान में राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया

**दो दिवसीय आयोजन में 8 खेल स्पर्धाओं में 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी ने भारत के महानतम खेल आइकनों में से एक मेजर ध्यानचंद की विरासत का सम्मान करते हुए 29 अगस्त 2024 को बड़े उत्साह और जोश के साथ राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया। इस आयोजन का उद्देश्य खेल कौशल, शारीरिक फिटनेस और छात्रों के जीवन में खेलों के महत्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था।




इस दो दिवसीय समारोह की शुरुआत विश्वविद्यालय के खेल परिसर में एक भव्य उद्घाटन समारोह के साथ हुई, जहां छात्र, संकाय सदस्य और खेल प्रेमी महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद को श्रद्धांजलि देने के लिए एकत्र हुए, जिन्होंने मैदान पर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के माध्यम से भारत को अपार गौरव दिलाया। इस कार्यक्रम में प्रतिकुलाधिपति श्री हर्ष गौतम, कुलपति प्रो.एस.के. सिंह और रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा की उपस्थिति रही, जिन्होंने चरित्र और अनुशासन के निर्माण में खेलों के महत्व पर जोर देते हुए एक प्रेरक भाषण दिया।



यूनिवर्सिटी में बैडमिंटन, कैरम और वॉलीबॉल, बास्केट बॉल, एथलेटिक्स, लेमन रेस, सेक रेस और रस्साकशी सहित विभिन्न खेल गतिविधियां और प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विश्वविद्यालय की खेल टीमों ने मेजर ध्यानचंद के मूल्यों को दर्शाते हुए अपनी प्रतिभा और प्रतिस्पर्धी भावना का प्रदर्शन किया। भाग लेने वालों की कुल संख्या विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 300 से अधिक छात्र थे।

खेल प्रतियोगिताओं के अलावा, मेजर ध्यानचंद के शानदार करियर के बारे में शारीरिक शिक्षा निदेशक डॉ सुमित कुमार तिवारी द्वारा विशेष विवरण दिया गया। हॉकी के जादूगर के जीवन और उपलब्धियों के विवरण ने विशेष रूप से युवा खिलाड़ियों को आकर्षित किया।

यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय खेल दिवस समारोह एक शानदार सफलता थी, जिसने भारत के महानतम खेल नायकों में से एक की विरासत के लिए एकता, खेल कौशल और सम्मान की भावना को बढ़ावा दिया। यूनिवर्सिटी में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आज 30 अगस्त को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र मुख्य अतिथियों द्वारा प्रदान किये जायेंगे।

## एचआईवी एड्स पर एनवाईके द्वारा चलाया गया जागरूकता अभियान



**रायपुर (विश्व परिवार)।** नेहरू युवा केंद्र रायपुर छत्तीसगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार व छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में रायपुर के बोरिया खुर्द, डुंडा, लालपुर, रोहिणिपुरम, मोतिबाग सहित 6 जगह एचआईव्ही एड्स एवं उसके रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया जिसमे 600 से अधिक युवा एवं 50 से अधिक युवा मंडलो को सही जानकारी एवं उपाय बता कर जागरूक किया गया।

इस कार्यक्रम में युवाओं को यौन जनित संक्रमणों के कारणों, लक्षणों और बचाव के उपायों के साथ ही एचआईव्ही, एड्स के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी गयी कार्यक्रम में बताया गया कि एच आई व्ही संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन सम्बन्ध बनाने, संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित इंजेक्शन लगाने व संक्रमित माता-पिता से होने वाले सन्तान को एचआईव्ही व यौन सम्बंधित बीमारी होने का खतरा होता है। इस बीमारी से बचने के लिए युवाओं के पास सही व सम्पूर्ण जानकारी होना जरूरी है। कार्यक्रम में इस बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए शासन द्वारा प्रदत्त सेवाओं की भी विस्तृत जानकारी युवाओं को दी गयी। जिला अस्पताल समेत विकासखण्ड स्तर पर भी सीएचसी में आई सी टी सी केंद्र स्थापित है, जहां जाकर एचआईवी के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली जा सकती है।

इसके अलावा यौन जनित संक्रमणों व जननांगों की अन्य समस्याओं के निदान व जानकारी के लिए जिला अस्पताल में सुरक्षा क्लिनिक स्थापित है। युवाओं को नेशनल हेल्प लाइन नम्बर 1097 एवं मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को प्रोजेक्टर पर लघु फिल्मों का प्रसारण करके दिखाया गया व पीपीटी के माध्यम से चित्र समेत जानकारियां दी गईं। युवाओं को सम्बन्धित विषय की पम्?फलेट भी वितरित की गई। इसके साथ ही युवाओं ने चित्रकारी और रंगोली के माध्यम से एचआईवी एड्स पर अन्य युवाओ और आम जनों को जागरूक किया।

नेहरू युवा केंद्र, रायपुर के ज़िला युवा अधिकारी, अर्पित तिवारी, ने बताया की युवाओं के पास सही और सशक्त जानकारी होने बेहद आवश्यक है। उन्होंने बताया की एड्स जैसी जानलेवा बीमारी की रोकथाम के लिए नई युवा पीढ़ी की सक्रीय भूमिका होना जरूरी है। दुर्गा कॉलेज की सहायक प्राध्यापक, सुनीता चांसोरिया ने युवाओं को प्रेरित करते हुए एचआईवी रोकथाम से संबंधित जानकारी साझा की। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेहरू युवा केंद्र के स्वयंसेवकों की विशेष भूमिका रही।

उठावना एवं शोकसभा



श्रीमती विद्याबाई जैन

हमारे असाता कर्म के उदय से स्व. श्री शिखरचंद जैन की धर्म पत्नी श्रीमती विद्याबाई जैन का स्वर्गवास दिनांक 28/08/2024 को प्रातः 5 बजे हो गया है। जिनका (खारी) उठावना का कार्यक्रम शुक्रवार दिनांक 30/08/24 को प्रातः 8 बजे रखा गया है एवं देव दर्शन शोकसभा प्रातः 10 बजे रखी गई है।

स्थान - वर्णी भवन, मोराजी, सागर (म.प्र.)

शोकाकुल परिवार
दमयन्ती बाई, निर्मल - विजया, अशोक - आशारानी, संतोष - कमलेश, राजमल - स्नेह, कमल -एकता, विवेक - नीलम, प्रदीप -संध्या, विनय - ममता, विनीत - निधि, अभिषेक -स्वाती, विपिन पिन्टू, अंकित, बिट्टू, लक्की, माही, पूर्वी, पर्व, एवं समस्त मोदी परिवार खुरई थावरी सागर।

प्रतिष्ठान, पारस थ्रेड, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
सफ़ेद दाग



(ल्यूकोडर्मा) का लेसर द्वारा ईलाज
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

लोन लेने के लिए ITR बनवायें मात्र 500/- में
शेखर गुप्ता ONLYTDS.COM
ITR GST
हमारे TAX Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
G.S.T. रिटर्न | Food Licence
इन्कम TAX फाईल | M.S.M.E. रजिस्ट्रेशन
TDS रिफंड | प्रोजेक्ट रिपोर्ट
IT नोटिस | डिजिटल सिग्नेचर
9300755544, 8878655544

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354